RNI NO. PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




जन नायकन को सिनेमाघरों में बड़े पर्दे पर देखें: पूजा हेगडे


पेज 07



VOL: 03 | ISSUE 81 | WEDNESDAY DATE 15-04-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


## संक्षिप्त खबरें

### अंबेडकर के विचारों से प्रेरित है सरकार की योजनाएं : नितिन

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 14 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को कहा कि सरकार की योजनाएं बाबा साहब अंबेडकर के विचारों से प्रेरित है और इसी का अनुकरण करते हुए केंद्र सरकार 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने जा रही है। श्री नितिन ने आज यहां भाजपा मुख्यालय में संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलित अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं की ओर से बाबासाहेब को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर और दीनदयाल उपाध्याय ने समावेशी विकास के जरिए विकसित भारत का सपना देखा था, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार साकार करने का प्रयास कर रही है।



### नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं को मिलेगा 33 प्रतिशत आरक्षण : खडसे

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 14 अप्रैल।** केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने मंगलवार को कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने आज यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में महिलाओं के सशक्तिकरण और युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुये कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के अंतर्गत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा प्रवक्ता शाजिया इल्मी भी मौजूद थीं।



### बाबासाहेब के विचारों पर बना है देश, रक्षा के लिए आखिरी दम तक लड़ते रहेंगे : राहुल गांधी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 अप्रैल।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि यह देश बाबासाहेब के विचारों पर बना है। वे पूरी शक्ति के साथ आखिरी दम तक इनकी रक्षा के लिए लड़ते रहेंगे। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर ने हमें सिर्फ संविधान नहीं, न्याय, समानता और सम्मान पर आधारित एक सशक्त भारत का सपना दिया। लेकिन आज कुछ ताकतें सुनियोजित तरीके से बाबासाहेब की इस विरासत और हमारे संविधान को कमजोर करने में लगी हैं।



# दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे से उत्तराखंड को विकास की नई रफ्तार : मोदी




**देहरादून, यूटर्न/ 14 अप्रैल।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस वे को समृद्धि की गारंटी करार देते हुए मंगलवार को कहा कि इससे उत्तराखंड में बारहमासी पर्यटन को गति मिलने के साथ ही राज्य के विकास को नये आयाम मिलेंगे।

श्री मोदी ने उत्तराखंड आने वाले सभी पर्यटकों से देव भूमि में पर्यटन में स्वच्छता को बढ़ावा देने का आ'ान किया और कहा कि हरिद्वार में होने वाले कुंभ से लेकर उत्तराखंड में बारहमासी पर्यटन के दौरान स्वच्छता को बढ़ावा मिलना चाहिए और इसमें स्वच्छता को विशेष महत्व दिया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही उंन्होंने देश के सभी दलों और उनके सांसदों से नारी वन्दन विधेयक को 16 अप्रैल से शुरू हो रहे तीन दिवसीय संसद की बैठक में पारित कराने का भी आग्रह किया और कहा कि इससे देश में नारी शक्ति को बल मिलेगा और 2029 से महिलाओं को सांसद तथा विधानसभाओं में उनका हक जनप्रतिनिधित्व के तहत मिल सकेगा।

श्री मोदी ने आज यहां दिल्ली देहरादून आर्थिक गलियारे के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 213 किलो मीटर लंबे छह लेन के दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस वे आर्थिक गलियारे के निर्माण में 12000 करोड रुपए का खर्च आया है और इससे उत्तराखंड में विकास के नये आयाम स्थापित किया जा सकेंगे। इस आर्थिक गलियारे के निर्माण से अब दिल्ली और देहरादून के बीच की दूरी 2.5 घंटे में पूरी की जा सकेगी। उनका कहना था कि इस निर्माण कार्य में वन्य जीव संरक्षण को विशेष महत्व दिया गया है और उनकी आवाजाही मैं विकास की कार्यों को बाधक नहीं बनने पट बल दिया गया है।

प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें याद है कि जब वह बाबा केदारनाथ के दर्शन के लिए आये थे उस दौरान उनके मुंह से अनायास निकला था कि इस शताब्दी का तीसरा दशक उत्तराखंड का होगा और आज यह युवा राज्य 25 साल का हो चुका है और यहां सचमुच विकास को नयी गति दी जा रही है। उत्तराखंड के विकास की इस रफ्तार में दिल्ली देहरादून आर्थिक गलियारा विकास के नये आयाम जोड़ेगा और पर्यटन के लिहाज से यह परियोजना बहुत अहम होगी।

उन्होंने कहा कि बीते दशक में उनकी सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किये। उत्तराखंड में तेजी से विकास हो रहा है और राज्य में सवा दो लाख करोड रुपए की परियोजनाओं पर काम चल रहा है।

जिन गांवों में सड़क के इंतजार में पीढ़ियां गुजर जाती थी वहां अब सरकार तत्काल काम कर रही है और जो गांव पहले विकास के अभाव में वीरान पड़े रहते थे वहां अब चहल पहल हो रही है।

उन्होंने सड़कों को विकास की रेखाएं करार दिया और कहा कि सड़कें इस क्षेत्र के विकास के लिए भाग्य रेखा बनकर उभर रही है। उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली में विकास की नयी रेखाएं खींची जा रही है और अब देहरादून एक्सप्रेसवे शुरू होने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में कई नए इकोनॉमिक कॉरिडोर बनाए जा रहे हैं जिनमें दिल्ली मुंबई अमृतसर जैसे कई करोड़ का निर्माण कार्य चल रहा है। यह इकोनामिक कॉरिडोर सड़क के अलावा नए-नए व्यापारिक और कारोबारिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं।

## महिला आरक्षण विधेयक समय की मांग: शाह

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 अप्रैल।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को ऐतिहासिक महिला आरक्षण विधेयक को समय की मांग बताते हुए सभी से इसका समर्थन करने का आग्रह किया।



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'महिला आरक्षण बिल आज की जरूरत है। नीति-निर्माण में योगदान देने और राष्ट्र को सशक्त बनाने का यह हमारी 'नारी शक्ति' का उचित अधिकार है। मोदी सरकार इस कानून को लाने और लागू करने के लिए संकल्पित है।' गृह मंत्री ने कहा, 'यह एक ऐसा बदलाव है जो निश्चित रूप से बेहतर के लिए होना चाहिए और वह भी बिना किसी देरी के। मुझे उम्मीद है कि हर कोई आगे आएगा और इस ऐतिहासिक कदम का समर्थन करेगा।' रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस बिल को लेकर महिलाओं के नाम एक खुला पत्र लिखा। एक्स पोस्ट में उन्होंने कहा, 'पूरे देश में हमारी माताएं, बहनें और बेटियां वर्ष 2029 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों से महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने के निर्णय की सराहना कर रही हैं। भारत की नारी शक्ति को समर्पित इस पत्र में मैंने अपने साथी नागरिकों के साथ उस संकल्प को शीघ्र ही साकार करने के विषय पर अपने विचार साझा किए हैं, जो दशकों से लंबित था।' इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की 'नारी शक्ति' को एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने विधायी निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण को मिल रहे बढ़ते समर्थन पर जोर दिया और इस लंबे समय से लंबित सुधार को लागू करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया।

## महंगाई से जनजीवन पर पड़ेगा असर तो आवाज उठाएंगे : अखिलेश यादव

**लखनऊ, यूटर्न/ 14 अप्रैल।**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारियों के विरोध प्रदर्शन पर कहा कि अगर महंगाई से जनजीवन प्रभावित होगा तो आवाज तो उठाई जाएगी। सपा प्रमुख मंगलवार को बैसाखी पर्व के अवसर पर लखनऊ स्थित गुरुद्वारे पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि बैसाखी के त्योहार पर पूरे देशवासियों और प्रदेशवासियों को बधाई देना चाहता हूं। हमारे देश की यही खूबसूरती है कि हम एक दूसरे के त्योहार मिलकर मनाते हैं। अखिलेश यादव ने नोएडा में श्रमिकों के प्रदर्शन पर कहा कि मुख्यमंत्री को तो नियम-कानून पता ही नहीं है। अगर नियम कानून पता होते, कोर्ट ने क्या बताया, लेबर लॉ क्या कह रहा है, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लेबर को क्या-क्या सुविधाएं मिलती हैं, अगर उनका पालन किया होता, तो शायद यह नौबत नहीं आती। महंगाई अगर बढ़ेगी, जनजीवन प्रभावित होगा, तो आवाज तो उठेगी। आवाज के लिए बातचीत का रास्ता है, संवाद का रास्ता हमेशा खुला रहना चाहिए। इसलिए मैंने कहा, यह कोई नक्सली या इस तरह की कोई साजिश, षड्यंत्र नहीं है, यह सरकार का फेलियर है। सरकार का जो फेलियर है, उसे दूसरों पर थोपना चाहते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि उनकी इंटेलिजेंस पूरी तरह फेल थी। नोएडा में हुई घटना पर पुलिस डीजीपी, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर द्वारा हेडक्वार्टर से निगरानी करने पर अखिलेश यादव ने कहा कि ये अधिकारी डराते भी हैं।

## समानता और सामाजिक न्याय के दृढ़ समर्थक थे अम्बेडकर : विजेन्द्र

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 14 अप्रैल।**



दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर समानता और सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक थे। श्री गुप्ता ने आज दिल्ली विधान सभा परिसर में आयोजित डॉ. अम्बेडकर की 136वीं जयंती के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद कहा कि डॉ. अम्बेडकर भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार थे। उन्होंने संविधान को एक अद्वितीय और दूरदर्शी दस्तावेज बताते हुए कहा कि यह आज भी देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था का मार्गदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर के विचार आज के समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर के आदर्श और दृष्टि आज भी एक समावेशी, न्यायपूर्ण और समानतापूर्ण समाज के निर्माण के लिए प्रेरणा प्रदान करते हैं।

उन्होंने इस बात पर बल दिया कि शासन और सार्वजनिक जीवन में इन सिद्धांतों को आगे बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। श्री गुप्ता ने यह भी उल्लेख किया कि डॉ. अम्बेडकर की जयंती को उनके महान योगदान के सम्मान में राजपत्रित अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न से सम्मानित डॉ. अम्बेडकर को समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों के उत्थान हेतु उनके अद्वितीय योगदान के लिए सदैव स्मरण किया जाएगा।

# नोएडा में कर्मचारियों के विरोध पर कांग्रेस का सरकार पर हमला

**नयीई दिल्ली, यूटर्न/ 14 अप्रैल।**



कांग्रेस नेता उदित राज ने नोएडा में कर्मचारियों के हालिया विरोध प्रदर्शन को लेकर केंद्र और राज्य सरकार पर हमला बोला। श्री राज ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नोएडा में सोमवार को कर्मचारियों का बड़ा आंदोलन हुआ, जबकि कुछ दिन पहले हरियाणा के मानेसर में भी श्रमिकों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने हमेशा श्रमिकों के हित में लेबर लॉ बनाए थे, लेकिन भाजपा सरकार ने उन कानूनों को खत्म कर चार नए लेबर कोड लागू कर दिए, जिनकी आड़ में मजदूरों का शोषण बढ़ रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पहले मजदूर और ट्रेड यूनियन अपनी मांगों को लेकर हड़ताल करते थे और सरकारें उनकी बात सुनती थीं, लेकिन अब माहौल पूरी तरह बदल चुका है।

उन्होंने नोएडा के मजदूरों की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि यहां कर्मचारियों को औसतन 12 हजार रुपये मासिक वेतन मिलता है, जिसमें से 5-6 हजार रुपये किराए में ही खर्च हो जाते हैं। शेष राशि में उन्हें बच्चों की पढ़ाई, भोजन और अन्य जरूरतें पूरी करनी पड़ती हैं। उन्होंने एक महिला का उदाहरण देते हुए कहा कि उसने अपने बीमार बच्चे को दवा देने में भी कटौती करनी पड़ रही है, ताकि दवा ज्यादा दिन तक चल सके।

## संक्षिप्त खबरें



### दिल्ली पुलिस ने नरेंद्र गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया, हथियार भी बरामद

» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 14 अप्रैल।

दिल्ली पुलिस ने भलस्वा झील के पास से नरेंद्र गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक अर्ध-स्वचालित पिस्तौल और एक देशी कट्टा सहित अवैध हथियार बरामद किए हैं। अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों की पहचान रणधीर उर्फ विजय (25) और परवेश उर्फ मोहम्मद दानिश (28) के रूप में हुई है। इन्हें एक विशेष खुफिया सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त (अपराध) पंकज कुमार ने बताया कि शनिवार को मिली एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने भलस्वा झील के पास जाल बिछाया था। सूचना मिली थी कि ये दोनों किसी डकैती की वारदात को अंजाम देने के लिए वहां पहुंचने वाले हैं। पुलिस ने इन्हें वारदात को अंजाम देने से पहले ही पकड़ लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने परवेश के पास से एक अर्ध-स्वचालित पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए, जबकि रणधीर के पास से एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस जब्त किए गए।

डीसीपी ने बताया कि इस संबंध में अपराध शाखा थाने में आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ के दौरान परवेश ने स्वीकार किया कि वह उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के एक सप्लायर से अवैध हथियार मंगवाता था। वह कथित तौर पर 30,000-35,000 रुपये में पिस्तौल और लगभग 10,000 रुपये में देशी कट्टे खरीदता था, जिन्हें बाद में दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों के लिए नरेंद्र गिरोह के सदस्यों के बीच बांटा जाता था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, दोनों आरोपियों का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। परवेश दिल्ली और उत्तर प्रदेश में डकैती, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के कई मामलों में शामिल रहा है। वहीं, रणधीर के खिलाफ भी डकैती, चोरी और भारतीय न्याय संहिता के तहत कई मामले दर्ज हैं। आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आने वाले ये दोनों आरोपी कम शिक्षित हैं और बेरोजगारी व नशे की लत के कारण अपराध की दुनिया में शामिल हो गए।

# सीएम रेखा की अपील: अफवाह या घबराहट में आकर जमा न करें सिलेंडर, घबराने की जरूरत नहीं, हेल्पलाइन नंबर जारी

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 अप्रैल।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी में एलपीजी आपूर्ति को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि घरेलू और कमर्शियल दोनों तरह की गैस सप्लाई पूरी तरह सामान्य, पर्याप्त और नियंत्रण में है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अफवाह या घबराहट में आकर अनावश्यक भंडारण न करें। सीएम ने कहा कि गैस प्राप्त करने में समस्या हो तो खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की हेल्पलाइन नंबर 011-23379836, 8383824659 पर संपर्क कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 12 अप्रैल को कुल 1,11,766 एलपीजी बुकिंग दर्ज की गईं, जबकि तीनों ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने मिलकर 1,30,094 सिलेंडरों की डिलीवरी की। यह संख्या बुकिंग से अधिक है, जिससे साफ है कि लंबित ऑर्डर तेजी से पूरे किए जा रहे हैं। साथ ही, औसत डिलीवरी समय घटकर 3.87 दिन रह गया है, जो पहले 4.24 दिन था। इससे उपभोक्ताओं को समय पर गैस मिल रही है। कमर्शियल एलपीजी की स्थिति पर उन्होंने कहा कि दिल्ली को प्रतिदिन 6,480 सिलेंडर मिल रहे हैं, जबकि पिछले एक सप्ताह में औसत खपत केवल 4,268 सिलेंडर रही है। इससे यह स्पष्ट है कि उपलब्धता मांग से कहीं अधिक है और किसी प्रकार की कमी की आशंका नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हेल्पलाइन सेवा सप्ताह के सभी दिनों में सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक उपलब्ध है।

#### भोजन पकाने के ये विकल्प होंगे कारगर

उन्होंने यह भी कहा कि जहां पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) उपलब्ध है, वहां उसका उपयोग किया जाना चाहिए। इसके अलावा, इलेक्ट्रिक और इंडक्शन कुकिंग जैसे विकल्प भी अपनाए जा सकते हैं। सरकार का कहना है कि सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं और आपूर्ति पूरी तरह सुचारू है।

नई दिल्ली। राजधानी में बुकिंग के बाद भी कई लोगों की शिकायत है कि सिलिंडर नहीं मिल रहा है। इसकी वजह से रसोई का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। रही सही कसर कालाबाजारी ने खराब कर दी है। मजबूर उपभोक्ता अधिक कीमत देकर सिलिंडर लेने के लिए मजबूर हैं। पूर्वी दिल्ली के, शाहदरा, सीलमपुर, विवेक विहार, आनंद विहार, यमुनाविहार व खजूरी क्षेत्र में लोगों ने बताया कि गैस एजेंसियों के चक्कर लगाने के बावजूद कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा। एजेंसी संचालक सप्लाई में कमी का हवाला देकर पल्ला झाड़ रहे हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि जानबूझकर सप्लाई धीमी की जा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस बुकिंग के बाद भी उन्हें कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है।

## नोएडा श्रमिक आंदोलन का कंपनी के परिचालन पर कोई असर नहीं: मदरसन ग्रुप

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 अप्रैल।



ऑटो पार्ट्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनी समवर्धन मदरसन इंटरनेशनल लिमिटेड समूह ने कहा कि वेतन संबंधी मुद्दों को लेकर नोएडा में श्रमिकों के हिंसक विरोध प्रदर्शन के बावजूद, उनके संचालन पर काफी हद तक कोई असर नहीं पड़ा है। एक संयुक्त बयान में, मदरसन सुमी वायरिंग इंडिया लिमिटेड और समवर्धन मदरसन ऑटोमोटिव सिस्टम्स ग्रुप ने कहा कि व्यापारिक गतिविधियों पर कोई खास असर नहीं पड़ा है, हालांकि नोएडा के कुछ हिस्सों में अशांति के कारण आगजनी और तोड़फोड़ की कुछ घटनाएं हुई हैं। कंपनियों ने विरोध प्रदर्शनों का कारण वेतन संशोधन से संबंधित गलत सूचनाओं को बताया और अपने कर्मचारियों को इस आंदोलन से अलग करने की कोशिश की। कंपनी ने अपने नियामक दस्तावेज में कहा, 'यह एक व्यापक श्रम मुद्दा है जो नोएडा और कुछ अन्य शहरों में कई उद्योगों को प्रभावित कर रहा है, और वेतन संशोधन के बारे में फैलाई जा रही गलत सूचनाओं के कारण उत्पन्न हुआ है।' कंपनी ने आगे कहा, 'हमारी गतिविधियां सभी लागू कानूनों के अनुरूप हैं और कंपनी पर इसका कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ा है।' नोएडा के दो प्रमुख औद्योगिक केंद्रों, सेक्टर 62 और सेक्टर 84 में समूह की इकाइयों के पास विरोध प्रदर्शन की खबरें आई हैं। कंपनियों ने दावा किया कि कामकाज सामान्य रूप से चल रहा है, लेकिन सूत्रों ने संकेत दिया कि एहतियात के तौर पर कुछ इकाइयां एक-दो दिन के लिए बंद रह सकती हैं। हालांकि, कंपनियों ने यह पुष्टि नहीं की कि उनके कर्मचारी सीधे तौर पर विरोध प्रदर्शन में शामिल थे या नहीं। बयान में कहा गया, 'हमारा कामकाज सभी लागू कानूनों के अनुरूप है और कंपनी पर इसका कोई खास असर नहीं पड़ा है। हमारे कर्मचारियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिकारी उद्योग के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि स्थिति को जल्द से जल्द सामान्य किया जा सके।'

## दिल्ली में ब्रिगेडियर एवं उनके बेटे से मारपीट करने के आरोप में दो गिरफ्तार

» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 14 अप्रैल।



दिल्ली के वसंत एनक्लेव में सार्वजनिक रूप से शराब पीने का विरोध करने पर एक सेवारत ब्रिगेडियर और उनके बेटे के साथ मारपीट के मामले में दिल्ली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इस बीच, उपराज्यपाल ने सैन्य अधिकारी के परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने के आदेश दिए हैं।

पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान मेहराम नगर निवासी सतेंद्र उर्फ सोनू (49) और संजय शर्मा (56) के रूप में की है। ये दोनों कथित तौर पर 11 अप्रैल की घटना के दौरान वाहन में मौजूद थे। फिलहाल उनसे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस ने वारदात में शामिल मर्सिडीज कार को भी जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार, घटना उस समय हुई जब ब्रिगेडियर पी.एस. अरोड़ा और उनके बेटे तेजस ने सार्वजनिक रूप से शराब पीने पर आपत्ति जताई। इस पर आरोपी गाली-गलौज और अभद्र टिप्पणी करने लगे। कुछ ही देर में दो कारों में सवार अन्य लोग वहां पहुंचे और ब्रिगेडियर व उनके बेटे के साथ मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने सोमवार शाम को इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत वसंत विहार थाने में प्राथमिकी दर्ज की। आरोपियों के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि सतेंद्र 'चौधरी एविएशन प्राइवेट लिमिटेड' का निदेशक है, जो चार्टर्ड और कार्गो उड़ान सेवाएं प्रदान करने वाली फर्म है। वहीं, संजय शर्मा मेहराम नगर में 'पंडित जी ढाबा' चलाता है। एक अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, दिल्ली के उपराज्यपाल तरणजीत सिंह संधू ने मंगलवार को पुलिस को ब्रिगेडियर पी.एस. अरोड़ा और उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया।

> पुलिस ने वारदात में शामिल मर्सिडीज कार को भी जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार, घटना उस समय हुई जब ब्रिगेडियर पी.एस. अरोड़ा और उनके बेटे तेजस ने सार्वजनिक रूप से शराब पीने पर आपत्ति जताई।

उन्होंने सोशल मीडिया पर इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने पुलिस आयुक्त और उपायुक्त से इस मामले में त्वरित जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है। इससे पहले सेना ने भी बयान जारी कर इस मामले पर कड़ा संज्ञान लिया था।

# दवाइयों की खोज को आगे बढ़ाने में एआई निभाएगा बड़ी भूमिका: एक्सपर्ट्स

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 अप्रैल।



दवाइयों की खोज को आगे बढ़ाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बड़ी भूमिका निभाएगा। इससे सटीक उपयोग वाली दवाई हासिल करने और इनोवेशन के नेतृत्व वाले हेल्थकेयर इकोसिस्टम को बनाने में मदद मिलेगी। यह जानकारी एक्सपर्ट्स की ओर से दी गई। फार्मा सेक्टर्स के लीडर्स ने मौजूदा प्रणालियों के मात्र डिजिटलीकरण के बजाय प्रक्रियाओं को नए सिरे से परिभाषित करने पर जोर दिया। उन्होंने एआई को व्यापक रूप से अपनाने के लिए मजबूत डेटा और टेक्नोलॉजी आधार की बढ़ते महत्व के बारे में बताया। नौवें 'इंडिया फार्मा 2026' के पहले दिन चार महत्वपूर्ण पूर्ण सत्र हुए, जिनमें नीति निर्माता, उद्योग जगत के लीडर्स, नियामक और टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स भारत के फार्मास्युटिकल और लाइफ साइंस इकोसिस्टम के भविष्य की रूपरेखा तैयार करने के लिए एक साथ एक मंच पर आए।

उद्घाटन सत्र में नीतिगत उद्देश्यों और जमीनी क्रियान्वयन के बीच की खाई को पाटने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया।

औषधीय विभाग के सचिव मनोज जोशी ने अनुसंधान एवं विकास के लिए उद्योग-नेतृत्व वाले मॉडल, सरकारी प्रयोगशाला नेटवर्क को मजबूत करने के महत्व और नियामक मॉडल को यूरोपीय प्रणालियों के अनुरूप बनाने पर बल दिया। स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के सचिव राजीव बहल ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में अनुसंधान निधि में कई गुना वृद्धि हुई है, फिर भी देश को भारत-आधारित अनुसंधान एवं विकास मॉडल की आवश्यकता है, जिसमें इनोवेटर्स में बाजार का विश्वास हो और उद्योग एवं शिक्षा जगत के बीच विश्वास बढ़े।

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अनुसार, उद्योग जगत के नेताओं ने अनुसंधान-आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए उद्यम पूंजी की भागीदारी और सह-वित्तपोषण तंत्रों को बढ़ाने, उद्योग-शिक्षा जगत के मजबूत एकीकरण की आवश्यकता पर बल दिया और प्रारंभिक चरण की खोजों को वैश्विक समाधानों में बदलने के लिए एकीकृत पारिस्थितिकी तंत्र के महत्व को रेखांकित किया।

दूसरे सत्र में एक पूर्वानुमानित, कुशल और वैश्विक स्तर पर संरेखित नियामक ढांचा तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

भारत के औषधि नियंत्रक जनरल डॉ. राजीव सिंह रघुवंशी ने उत्तरदायी नियामक प्रणालियों को आकार देने में हितधारकों के परामर्श के महत्व पर प्रकाश डाला।

तीसरे पूर्ण सत्र में फार्मास्युटिकल मूल्य श्रृंखला में एआई की परिवर्तनकारी क्षमता का पता लगाया गया।

चौथे सत्र में वैश्विक अनुबंध अनुसंधान, विकास और विनिर्माण संगठन (सीआरडीएमओ) परिदृश्य में भारत की बढ़ती भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया गया।

## श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के प्रधान रोहतास पांचाल ने संभाला कार्यभार



» निर्मल सिंह

पानीपत, यूटर्न 14 अप्रैल श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा की बैठक हरि सिंह कॉलोनी स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर के प्रांगण में हुई। जिसकी अध्यक्षता चेयरमैन विनोद पांचाल ने की। बैठक में पूर्व प्रधान ईसम कुमार पांचाल ने अपने कार्यकाल का आय व व्यय का ब्यौरा दिया। वहीं नए प्रधान रोहतास पांचाल को सभा के सभी कागजात सौंपे। जिस पर रोहतास पांचाल ने अपनी सहमति जताई और रिकॉर्ड अपने कब्जे में लिया। इस अवसर पर उप प्रधान सुरेश पांचाल, महासचिव रवींद्र पांचाल, कोषाध्यक्ष विजेंद्र पांचाल, सचिव बबलु पांचाल, कलाकार मनोज पांचाल, मनोज पांचाल मोजी, मुनेश खेडकी, डा. इंद्रपाल पांचाल, रमेश पांचाल, सुरेश पांचाल, सोमपाल पांचाल, जितेंद्र पटवा व अनिल पांचाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

> जिस पर रोहतास पांचाल ने अपनी सहमति जताई और रिकॉर्ड अपने कब्जे में लिया।

# बैसाखी पर्व पर गुरुद्वारा सिंह सभा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री रणबीर गंगवा, प्रदेश की खुशहाली की कामना की

### श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेककर लिया आशीर्वाद, संगत को दी पर्व की शुभकामनाएं

» **हरियाणा, यूटर्न/ 14 अप्रैल।**





लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने सोमवार को बरवाला स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा परिसर में बैसाखी के पावन उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष नतमस्तक होकर आशीर्वाद लिया और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की।

मंत्री रणबीर गंगवा ने संगत को बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। बैसाखी न केवल किसानों की खुशहाली का प्रतीक है, बल्कि यह हमें एकता, सेवा और समर्पण की भावना का भी संदेश देता है।

उन्होंने कहा कि गुरु परंपरा ने समाज को सच्चाई, समानता और मानव सेवा का मार्ग दिखाया है, जिसे अपनाकर हम एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के विकास, किसानों की उन्नति और समाज में भाईचारा बनाए रखने की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों व गणमान्य व्यक्तियों ने मंत्री रणबीर गंगवा का स्वागत किया। संगत ने भी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर गुरबाणी का श्रवण किया और लंगर प्रसाद ग्रहण किया।

इस मौके पर पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी भी उपस्थित रहे।

# देश में पेट्रोलियम पदार्थों की कोई कमी नहीं, लोग विपक्ष की अफवाहों से बचें: अमरजीत सिंह कोहली



### बापौली मंडल के कार्यकर्ता संगठन द्वारा निर्देशित सभी कार्य पूरी लग्न से पूरा करेंगे - सुमित

» **पानीपत, यूटर्न/ 14 अप्रैल।**

देश में पेट्रोलियम पदार्थों का कोई अभाव नहीं है बल्कि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उन्हें समझाएं कि वे विपक्ष द्वारा फलाई गई अफवाहों से बचें। विपक्ष जानबूझकर देश में अफरा तफरी का माहौल पैदा करना चाहता है। यह शब्द बापोली मंडल भाजपा प्रभारी सरदार अमरजीत सिंह कोहली ने मंडल के कार्यकताओं की एक बैठक में एक निजी गार्डन के सभागार में कहे। अमरजीत सिंह कोहली ने कहा कि जब पूरी दुनिया के माल वाहक जहाज फारस की खाड़ी में फंस गए थे तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी सफल कूटनीति से भारत के जहाजों का निर्बाध आवागमन सुनिश्चित कर भारत देश की विदेश नीति का दुनिया में लोहा मनवाया।

अमरजीत सिंह कोहली ने कहा कि सभी कार्यकर्ता लोगों को सरकार की नीतियों से अवगत कराएं तथा योजनाओं के बारे बताये। बैठक के प्रारम्भ में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता तथा पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित किये। संविधान निमार्ता भारत रतन बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की जयंती उनको नमन किया तथा उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किये। इस दौरान भारत माता की जय तथा वन्देमातरम के गगन भेदी नारे लग रहें थे।

राष्ट्र गीत वन्देमातरम के गायन से बैठक आरम्भ हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित रावल ने कहा कि मंडल के सभी कार्यकर्ता पूरी लगन के साथ संगठन द्वारा निर्देशित कार्यों को पूरा करेंगे। सुमित रावल ने पिछली बैठक की कार्रवाई पढ़ कर सुनाई तथा कार्यकत्ताओं का वृत भी लिया। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री सोम सिंह ने किया।

बैठक में उपस्थित सभी कार्यकताओं ने जीपीएस लोकेशन सहित अपनी ऑनलाइन उपस्थित संगठन द्वारा निर्धारित ऐप पर दर्ज की। राष्ट्र गान जन मन के गायन के साथ बैठक सम्पन्न हुई बैठक में मुख्य से रूप बिट्टू ताजपुर अनिल रावल, राजेश्वर रावल तथा सनी वर्मा आदि सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहें.

# मनोज तिवारी ने महिलाओं को बताए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के फायदे

» **मुंबई, यूटर्न/ 14 अप्रैल।**



केंद्र सरकार संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण बिल को और मजबूती से लाने की तैयारी में हैं। बिल को लेकर जगह जगह से सकारात्मक और नकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही हैं। ऐसी बहुत सी महिलाएं हैं, जिन्हें इस बिल के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

इसी को देखते हुए भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कुछ महिलाओं को अपने आवास पर बुलाया और इस बिल के बारे में जानकारी दी। सांसद ने मंगलवार को वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। इसमें वे महिलाओं को बिल के बारे में आसान शब्दों में समझाते दिख रहे हैं।

वीडियो में वे कहते हैं, 'पीएम मोदी ने महिलाओं के अधिकारों के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। दरअसल, वे जल्द ही महिला आरक्षण बिल लेकर आने वाले हैं। इसका मतलब अगर 100 लोग पार्षद, विधायक या सांसद बनेंगे, तो उसमें 33 प्रतिशत महिलाएं शामिल जरूर होंगी।'

अभिनेता ने अपनी बातचीत में साफ किया कि यह बिल सितंबर 2023 में लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों द्वारा पारित किया गया था, जिसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित की जाएंगी। अब सरकार इसे जल्द लागू करने के लिए संशोधन ला रही है।

उन्होंने वीडियो पोस्ट कर लिखा, 'महिलाओं की खुशी अद्भुतङ्कजब महिला आरक्षण की बात हो...नारी शक्ति वंदन अधिनियम।'

महिला आरक्षण बिल, जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम (128वां संविधान संशोधन विधेयक, 2023) कहा गया है, भारत में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने वाला ऐतिहासिक कानून है। यह बिल 2023 में संसद द्वारा पारित किया गया था, जिसका उद्देश्य राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाना और 15 वर्षों तक आरक्षण प्रदान करना है।

आरक्षित सीटों में से भी, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए कोटा (सब-कोटा) के भीतर आरक्षण का प्रावधान है। यह आरक्षण परिसीमन के बाद लागू होगा।

# 'कांग्रेस पार्टी ने हमेशा संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की है : बृजलाल बहबलपुरिया

## 'शिक्षा और समानता ही मजबूत भारत की नींव' : बृजलाल बहबलपुरिया

» **राजेश सलूजा**



हरियाणा, यूटर्न/ 14 अप्रैल। जिला कांग्रेस कमेटी हिसार द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के पावन अवसर पर कांग्रेस भवन, हिसार में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) हिसार बृजलाल बहबलपुरिया ने की।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात उपस्थित सभी साथियों ने बाबा साहेब के जीवन, उनके संघर्ष और उनके विचारों को याद करते हुए उनके संदेशों को दोहराया तथा समाज में उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने देश को जो संविधान दिया, वह हर वर्ग को समान अधिकार और सम्मान सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि आज देश में संविधान की मूल भावना पर लगातार आघात हो रहा है, जिसे बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं के अधिकारों पर बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने महिलाओं को समान अधिकार दिलाने के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने हिंदू कोड बिल के माध्यम से महिलाओं को संपत्ति में अधिकार, विवाह और समाज में बराबरी का दर्जा दिलाने की मजबूत पहल की। बाबा साहेब का मानना था कि किसी भी समाज की प्रगति महिलाओं की स्थिति से तय होती है, इसलिए उन्होंने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया।

उन्होंने केंद्र और हरियाणा की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकारें लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का काम कर रही हैं और जनता के अधिकारों को सीमित किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार शिक्षा का निजीकरण तेजी से बढ़ा रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दूर होती जा रही है।

# सिरसा के अशोक चाचाण बने 89 वें सेवा रत्न

» **हरियाणा, यूटर्न/ 14 अप्रैल।**



सेवा में समर्पित प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक संगठन अखिल भारतीय सेवा संघ की बैठक सिरसा में हुई । जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्र गोयल जी ने की । बैठक में सिरसा शाखा के सचिव अशोक चाचाण को सेवा रत्न सम्मान से नवाजा गया । श्री चाचाण पिछले 5 वर्षों से संघ के लिए कार्य कर रहे है । इनकी निस्वार्थ सेवा एवं कार्यो को देखते हुए इन्हें सेवा रत्न सम्मान से नवाजा गया है । श्री चाचाण ने कहा कि इस सम्मान को पाकर उनकी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई है ,भविष्य में सेवा संघ जो भी कार्य य्या जिम्मेदारी मुझे दी जाएगी ,मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी से उसे पूरा करने का पर्यास क्ररूँगा ।इस अवसर पर प्रांतीय महासचिव सेवा रत्न आकाश सैन ने कहा कि हमे ऐसे निष्ठावान कार्यकर्ताओ की आवश्यकता है जो पूरी ईमानदारी से सेवा प्रोजेक्ट में कार्य करें । शाखा अध्यक्ष सूरज बंसल ने कहा कि अशोक चाचाण संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्त्ता है तथा संगठन में बहुत मेहनत से कार्य करते है । इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्र गोयल,राष्ट्रीय कोषड्यक्ष प्रमोद सचदेवा, राजिंदर गर्ग,प्रांतीय महासचिव आकाश सैन, उपाध्यक्ष मुकेश वर्मा , जितेंद्र बंसल अशोक अरोड़ा राजेश बंसल,शाखा अध्यक्ष सूरज बंसल, ,संरक्षक राजेश तनेजा ,अमर, परविंदर ठट्ठाई, संजीव मेहता,अमित गाबा,पवन नरूला रमेश सभी सदस्यों ने भी अशोक चाचाण को बधाई दी ।

# गेहूं की खरीद व उठान ना होने के कारण मंडी व मंडी के बाहर जाम लगा हुआ है : बजरंग गर्ग

### सरकार की तरफ से गेहूं खरीद के लिए लकड़ी के कैरेट व तिरपाल तक नहीं है- बजरंग गर्ग

» **हरियाणा, यूटर्न/ 14 अप्रैल।**



हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने अनाज मंडी में व्यापारियों की मीटिंग लेने के उपरांत पत्रकार वार्ता में कहा कि हरियाणा सरकार किसान व आढ़तियों के साथ पोर्टल-पोर्टल खेल रही है जबकि हरियाणा सरकार का पोर्टल काम तक नहीं करता है। हरियाणा का किसान गेहूं बेचने के लिए 14 दिनों से मंडियों में धक्के खा रहे हैं। अनाज मंडियों में ना तो गेहूं की खरीद व उठान हो रहा है। गेहूं की खरीद व उठान ना होने के कारण मंडी व मंडी के बाहर जाम लगा हुआ है। बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा नए-नए नियम बनाकर प्रदेश के किसान व आढ़तियों को नाजायज तंग किया जा रहा है। जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार ने अगर तुरंत प्रभाव से गेहूं की खरीद व उठान नहीं किया तो व्यापार मंडल मंडियों का गेट बंद करके धरना देगा। सरकार ने तुरंत प्रभाव से गेहूं की खरीद, उठान व भुगतान नहीं किया तो व्यापार मंडल हरियाणा बंद करके सड़कों पर उतरेगा हरियाणा सरकार किसान व सरकारी अनाज मंडियां बर्बाद करने पर तुली हुई है।

सरकार ने अनाज खरीद के लिए बायोमेट्रिक, ट्रैक्टर की नंबर प्लेट, तीन गारंटर जैसे नियम बनाकर किसान व आढ़तियों को तंग किया जा रहा है, जिसे किसी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। बड़े अफसोस से कहना पड़ता है हरियाणा में तो खुला नशा जैसे अफीम, गांजा, चिट्टा तो बिकेगा मगर किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए अंगूठा टिकाया जा रहा है और आंखों को स्कैन करवानी पड़ रही है जबकि लाखों मीट्रिक टन गेहूं मंडी व खरीद सेन्टरों खुले में पड़ी है जो कई दिनों से खराब हो रही है।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# नोएडा में श्रमिकों की वेतन वृद्धि की मांग मानी गई, मुख्यमंत्री का बहुत धन्यवादः मेधा रूपम

» नोएडा, यूटर्न/ 14 अप्रैल।

गौतमबुद्ध नगर की जिलाधिकारी मेधा रूपम ने बताया कि श्रमिकों की वेतनवृद्धि की मांग को मान लिया गया है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री और हाई पावर कमेटी का धन्यवाद भी किया। उन्होंने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि अन्य मांगों पर भी विशेष ध्यान रखा गया है, जो सीधे तौर पर श्रमिकों के हितों से जुड़ी हुई हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि श्रमिकों के वेतन वृद्धि के इतर यह भी निर्देश दिया गया है कि सभी को 10 तारीख से पहले वेतन दे दिया जाए और नवंबर से पहले सभी को उनका बोनस मिल जाए।



हमें इस बात का भी ध्यान रखना होगा। साथ ही, अगर कोई निर्धारित समय से अतिरिक्त या छुट्टी पर काम करेगा, तो उसे उसका भी आर्थिक लाभ दिया जाएगा। हमारी तरफ से यही कोशिश की जाएगी कि किसी भी श्रमिक के हितों पर किसी भी प्रकार का कुठाराघात नहीं हो।

मेधा रूपम ने बताया कि सभी जगहों पर यौन शोषण समितियां गठित की जाएंगी, जिनका अध्यक्ष महिलाएं ही होंगी। इसका बाकायदा नोटिस भी चस्पा किया जाएगा, जिसमें यह विस्तार से बताया गया होगा कि आप कहां पर किसी मामले की शिकायत कर सकते हैं। इसके इतर, शिकायत पेटियां भी होंगी, जिसमें भी लोग अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। डीएम मेधा रूपम ने कहा कि अगर किसी भी श्रमिक को शिकायत है, तो उसके लिए प्रशासन और जिलाधिकारी के दरवाजे हमेशा खुले हुए हैं। उसे संकोच करने की आवश्यकता नहीं है। इन तमाम घटनाक्रमों के बीच मैं एक बात साफ कर देना चाहती हूं कि हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। मेरी सभी लोगों से यही अपील है कि वो किसी भी स्थिति में हिंसा का रास्ता न अपनाएं। अगर आपको अपनी बात रखनी है, तो उसे सौहार्दपूर्ण तरीके से रखना होगा। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की शिकायत के लिए कॉल सेंटर के नंबर भी जारी किए गए हैं। उस पर भी श्रमिक अपनी शिकायत कर सकते हैं, उसकी निगरानी मैं खुद करूंगी। जो भी समस्याएं होंगी, उस पर त्वरित कार्रवाई होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### चाकू से गोदकर किशोर को उतारा मौत के घाट, रेहान पर पहले भी हो चुका था हमला

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 अप्रैल।** सुल्तानपुरी इलाके में 15 साल के किशोर की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त रेहान के रूप में हुई है। वह घटना के समय टहलने के लिए जा रहा था। परिजनों के मुताबिक, रेहान पर पहले भी हमला हो चुका था और उसे चाकू मारा गया था। आरोप है कि उस समय पुलिस को शिकायत देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। परिवार का कहना है कि अगर समय रहते पुलिस ने सख्त कदम उठाए होते तो आज यह घटना टाली जा सकती थी। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### पर्शियन बिल्ली की मौत का मामला पहुंचा विकास भवन

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 14 अप्रैल।** इलाज के दौरान एक पर्शियन बिल्ली किट्टी की मौत का मामला सोमवार को विकास भवन पहुंचा। इसमें बिल्ली की मालकिन ने आरोप लगाया कि बिल्ली का गलत इलाज कर दिया गया। इस वजह से उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा बिल्ली गर्भवती थी और उसके दोनों बच्चों की जान चली गई। इस मामले में लालकुआं की रहने वाली कल्पना ने पशु चिकित्सा अधिकारी से शिकायत की है। उन्होंने बताया कि इस मामले में मधुबन बापूधाम में शिकायत की थी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। परेशान होकर वह विकास भवन आई हैं।

## किसान को हिरासत में लेने पर भाकियू ने सात घंटे थाना घेरा

**लोनी, यूटर्न/ 14 अप्रैल।** मीरपुर हिंदू गांव में कूड़ा प्लांट को लेकर हुए बवाल के आरोप में किसान रामनरेश को पुलिस ने हिरासत में लिया। इस दौरान किसानों ने ट्रॉनिका सिटी थाने पर सोमवार को सात घंटे धरना-प्रदर्शन किया। किसान को छोड़ने के बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए। किसानों ने कहा कि पूछताछ के लिए तड़के चार बजे किसान को हिरासत में लेने की क्या जरूरत थी। यदि पुलिसककी मंशा ठीक थी तो सामान्य तौर पर बुलाया जा सकता था। किसान मास्टर महेंद्र त्यागी ने बताया कि मीरपुर हिंदू गांव में कूड़ा प्लांट को लेकर दर्जनों गांवों के किसान विरोध कर रहे हैं। इसे लेकर पथराव के आरोप में ट्रॉनिका सिटी थाने में उनके समेत नीरज त्यागी, रामनरेश उर्फ टेका, बोबी त्यागी व गौरव त्यागी समेत 10 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने सोमवार तड़के चार बजे किसान साथी रामनरेश उर्फ टेका को हिरासत में घर से लेकर गए। इसके विरोध में भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में किसान ट्रॉनिका सिटी थाने पहुंचे और उनको छोड़ने की मांग की। किसान रामनरेश को नहीं छोड़ना गया तो सभी थाने के सामने ही धरने पर बैठ गए। महेंद्र त्यागी ने बताया कि किसान करीब सुबह पौने दस बजे से शाम करीब साढ़े चार बजे तक जमे उठे। हालांकि बाद में रामनरेश को छोड़ दिया गया तो धरना भी खत्म कर दिया। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पूछताछ करने के बाद पुलिस ने नामजद को छोड़ दिया है।

## निवेश के नाम पर 45.90 लाख की ठगी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 अप्रैल।** निवेश के नाम पर दिल्ली के एक कारोबारी से 45.90 लाख रुपये की साइबर ठगी के एक आरोपी को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने केरल से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मलप्पुरम, केरल निवासी जमशीद के (33) के रूप में हुई है। जमशीद के बैंक खाते में 10 लाख रुपये की ठगी की रकम पहुंची थी। शुरुआती जांच में इनके बैंक खाते से समन्वय पोर्टल पर दर्ज करीब 21 शिकायतें लिंक हुई है। पुलिस पूछताछ में जमशीद ने बताया कि इन लोगों ने जेएफएस ट्रेडर्स (जमशीद, फाहद और सज्जाद) नाम से फल बेचने के लिए एक कंपनी बनाई थी। इस कंपनी का बैंक खाता साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था। इसमें पिछले कुछ दिनों के भीतर करोड़ों रुपये के लेनदेन का पता चला है। पुलिस को अन्य आरोपियों की तलाश है और जिन सात और बैंक खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर की गई उसकी भी पहचान की जा रही है।

अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बताया कि दिल्ली निवासी संदीप कुमार को फेसबुक के जरिये एक निवेश एप से जोड़ा गया। इसके बाद पीड़ित से धीरे-धीरे 45.90 लाख रुपये आठ अलग-अलग खातों में निवेश के नाम पर ले लिए गए। बदले में पीड़ित को सात करोड़ का मुनाफा होने का झांसा दिया गया। पीड़ित ने रकम निकालने का प्रयास किया तो ऐसा नहीं हुआ। आरोपियों ने उसे और निवेश करने का झांसा देने का प्रयास किया। पीड़ित को ठगी का अहसास हो गया। उसने पुलिस से शिकायत की।

## प्लॉट दिलाने का झांसा देकर ठगे 5.87 लाख रुपये, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादनगर।** एक महिला को किसी अन्य का प्लॉट बेचकर पौने छह लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। वापस रुपये मांगने पर आरोपी अंजाम भुगतने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मलिक नगर कॉलोनी निवासी सरवरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दिसंबर 2019 को 5.87 लाख रुपये नगदी देकर प्लॉट का बैनामा कर लिया था। दिसंबर 2025 को उक्त प्लॉट पर कब्जा लेने गए तो वहां पर किसी अन्य का कब्जा था। जानकारी पर पता चला कि जिसने यह प्लॉट दिया है, वह इसका असली मालिक नहीं है। जब महिला ने डीलर से पैसे वापस मांगे तो वह परिवार समेत अंजाम भुगतने की धमकी देने लगा। पीड़िता ने थाना पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

# अंधेरे में डूबे पूर्वी दिल्ली के इलाके

## महिलाओं की सुरक्षा पर उठे सवाल, पुलिस गश्त की कमी से लोग परेशान

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 अप्रैल।



पूर्वी दिल्ली के कई इलाके रात होते ही अंधेरे में डूब जाते हैं, जिससे खासकर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। दिन में चहल-पहल वाले ये क्षेत्र रात में डार्क स्पॉट्स में बदल जाते हैं, जहां से गुजरना लोगों के लिए जोखिम भरा हो जाता है। सीमापुरी बस टर्मिनल के पीछे की सड़कें रात में पूरी तरह अंधेरे में रहती हैं। यहां मोबाइल झपटमारी और संदिग्ध गतिविधियों की घटनाएं आम हो गई हैं।

वहीं आनंद विहार से दिलशाद गार्डन जाने वाले मार्ग पर रेलवे ट्रैक के नीचे स्थित यू-टर्न भी अंधेरे के कारण लोगों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, कई इलाकों में महीनों से स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। खाली प्लॉट्स और पार्कों के आसपास असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी बढ़ता जा रहा है। दिल्ली पुलिस की गश्त कम होने से लोगों में डर का माहौल है।

**ये हैं प्रमुख डार्क स्पॉट :** आनंद विहार बस टर्मिनल के पीछे की सड़क दिलशाद गार्डन पॉकेट-डी की गलियां

**सीमापुरी की अंदरूनी सड़कें:** आनंद विहार रेलवे ट्रैक के नीचे यू-टर्न

**लोगों की जुबानी:** रात में यहां से गुजरना मजबूरी है, लेकिन अंधेरा बहुत डराता है। लाइट की व्यवस्था जरूरी है, तभी सुरक्षा महसूस होगी। - रेहाना (निवासी, सीमापुरी)

शिकायत के बाद भी लाइट ठीक नहीं हुई। पुलिस गश्त भी नहीं होती, जिससे डर बना रहता है। - मानसी (निवासी, दिलशाद गार्डन)

पार्क असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। अगर गश्त बढ़े तो माहौल फिर से सुरक्षित हो सकता है। - मो. कलीम (निवासी, सुंदर नगरी)

# नोएडा में तनाव के बाद सख्ती : औद्योगिक क्षेत्रों में भारी पुलिस बल तैनात, 300 से अधिक हिरासत में

नोएडा के प्रमुख बॉर्डर पॉइंट्स पर सघन चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है। बवाल के बाद आज 'गेस्टेड हॉलिडे' होने के चलते 95 प्रतिशत कंपनियां है। हालांकि, कुछ जगहों पर सीमित स्तर पर काम जारी है, जहां श्रमिक काम करते नजर आए।

» नोएडा, यूटर्न/ 14 अप्रैल।



नोएडा के औद्योगिक क्षेत्रों में हाल ही में हुए उग्र प्रदर्शन और बवाल के बाद प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए आज पूरे औद्योगिक क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस कमिश्नर, एडिशनल सीपी, आरएएफ, पीएसी और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी स्वयं ग्राउंड जीरो पर मौजूद हैं और हालात की लगातार निगरानी कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए पूरे क्षेत्र को सेक्टरों में विभाजित किया गया है, जहां आरएएफ और पीएसी के जवानों की तैनाती की गई है। साथ ही, विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च भी किया जा रहा है ताकि आम लोगों और श्रमिकों में सुरक्षा का भरोसा बना रहे।

नोएडा के प्रमुख बॉर्डर पॉइंट्स पर सघन चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है। बवाल के बाद आज 'गेस्टेड हॉलिडे' होने के चलते 95 प्रतिशत कंपनियां है। हालांकि, कुछ जगहों पर सीमित स्तर पर काम जारी है, जहां श्रमिक काम करते नजर आए। प्रशासन ने 70 कंपनियों के श्रमिकों को बातचीत के लिए बुलाया है और उनकी मांगों को लेकर वार्ता जारी है।

पुलिस कमिश्नर ने श्रमिकों और आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी समस्याओं का समाधान बातचीत के जरिए निकाला जाएगा और औद्योगिक विकास को प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि इस पूरे घटनाक्रम में कुछ संगठित तत्वों की भूमिका सामने आई है। अब तक 300 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है और कई को गिरफ्तार भी किया गया है। पुलिस ने 50 से ज्यादा ट्विटर हैंडल को चिन्हित किया है, जिनके माध्यम से अफवाहें फैलाकर श्रमिकों को उकसाया गया।

इसके अलावा, कई व्हाट्सएप ग्रुप्स की भी पहचान की गई है, जिनमें क्यूआर कोड के जरिए श्रमिकों को जोड़ा गया और उन्हें भड़काने का काम किया गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि कुछ तत्व अन्य राज्यों में भी हिंसा फैलाने की कोशिश कर रहे थे। वायरल ऑडियो और चैट्स के जरिए श्रमिकों को उकसाया गया और संगठित तरीके से कॉल सेंटर के माध्यम से इस अभियान को संचालित किया जा रहा था।

इतना ही नहीं, उग्र प्रदर्शन के लिए फंडिंग किए जाने के भी संकेत मिले हैं, जिसकी मनी ट्रेल की जांच जारी है। पुलिस ने एक्स प्लेटफॉर्म्स पर किए गए भड़काऊ पोस्ट के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## नोएडा के प्रदर्शनकारियों की वजह से तीन घंटे एनएच-9 जाम में फंसे लोग

**साहिबाबाद।** नोएडा में फैक्टरी कर्मियों के आक्रोशित प्रदर्शन का असर गाजियाबाद एनएच-9 पर भी दिखा। सोमवार सुबह 8:30 राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर जाम लग गया। इससे खोड़ा अंडरपास, शिप्रा अंडरपास, मकनपुर अंडरपास और छिजारसी कट पर यातायात पूरी तरह थम गया। उधर, सोशल मीडिया पर तेजी से हिंसा की खबरें फैलने से जाम में फंसे लोग डरने लगे। डीसीपी सिटी धवल जयसवाल, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव टीएचए के सभी थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। ढाई से तीन घंटे तक लोग जाम में फंसे रहे। इसके बाद यातायात सुचारू हुआ कि प्रदर्शनकारियों ने फिर से जाम लगाने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने बल प्रयोग कर उनको खदेड़ दिया। एनएच-9 और उससे जुड़े लिंक मार्गों पर सोमवार सुबह से वाहनों के पहिया थमने शुरू हो गए। डीएमई पर गाजियाबाद से दिल्ली जाने वाली लेन जब बंद हुई तो इसका असर एनएच पर पड़ा। गाजियाबाद जाने वाले मार्गों पर बने सभी अंडरपास पर जाम लग गया। महज नोएडा से आक्रोशित भीड़ को एनएच-9 पर आता देख लोगों ने वाहनों के जहां के तहां ब्रेक लगा दिए। लोग ऑटो व ई-रिक्शा छोड़ कर पैदल ही लौटने गए। करीब 11 बजे हालात सामान्य हुए। इसके कुछ देर बाद ही प्रदर्शनकारियों ने छिजारसी कट के पास दोबारा हाइवे जाम करने का प्रयास किया।

## नितिन गडकरी ने किया दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर पर बने 'रेस्ट-होल्ड एरिया' का निरीक्षण, उद्घाटन से पहले लोगों में उत्साह

» शामली, यूटर्न/ 14 अप्रैल।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे का उद्घाटन करेंगे। इससे पहले, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दिल्ली-देहरादून मार्ग पर पहले 'रेस्ट-होल्ड एरिया' (विश्राम स्थल) का निरीक्षण किया। इस दौरे के दौरान भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

शामली के अनिल पुंढीर ने आईएएनएस को बताया कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 'रेस्ट-होल्ड एरिया' (विश्राम स्थल) का दौरा किया। वे कुछ देर यहां रुके और लोगों से बातचीत की। आर्थिक गलियारे को लेकर उन्होंने कहा कि इससे अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। दिल्ली से देहरादून के बीच का समय भी बचेगा।

इस आर्थिक गलियारे के उद्घाटन को लेकर स्थानीय लोगों में जबरदस्त उत्साह है और उन्होंने सरकार की प्रशंसा की। आईएएनएस से बात करते हुए एक व्यक्ति ने कहा, 'इससे हमारे क्षेत्र को बहुत फायदा होगा। यह खुशी की बात है कि अब दिल्ली से देहरादून कुछ घंटों में ही पहुंच सकेंगे।'

उन्होंने कहा कि इस आर्थिक गलियारे से दिल्ली और देहरादून के बीच सफर आसान होगा। आसपास के कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों को भी इसका लाभ मिलेगा। सभी लोग इस आर्थिक गलियारे के उद्घाटन को लेकर खुश हैं।

सतीश चौहान ने कहा कि इस मार्ग से स्थानीय लोगों के लिए दिल्ली और देहरादून दोनों अब ज्यादा दूर नहीं रहे हैं। वे बहुत आसान सफर करते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे।

# वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में जस्ट डायल का मुनाफा 36.6 प्रतिशत गिरा, रेवेन्यू में हल्की बढ़त

» मुंबई, यूटर्न/ 14 अप्रैल।



जस्ट डायल लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही (क्यू4) में अपने मुनाफे में 36.6 प्रतिशत की सालाना गिरावट दर्ज की है। जस्ट डायल ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि कंपनी का शुद्ध लाभ (नेट प्रॉफिट) वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में 100 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वित्त वर्ष 2025 की इसी तिमाही में 160 करोड़ रुपए था।

हालांकि मुनाफे में गिरावट के बावजूद कंपनी का राजस्व 6.2 प्रतिशत बढ़कर 307.2 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले साल इसी अवधि में 290 करोड़ रुपए था।

ऑपरेशनल स्तर पर कंपनी का ईबीआईटीडीए 3.2 प्रतिशत बढ़कर 88.8 करोड़ रुपए हो गया, जबकि ईबीआईटीडीए मार्जिन 28.9 प्रतिशत रहा।

टैक्स से पहले परिचालन लाभ (ऑपरेटिंग प्रॉफिट) 76.1 करोड़ रुपए रहा, जो सालाना आधार पर 7.3 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है।

हालांकि, 'अन्य आय' में भारी गिरावट का असर कुल मुनाफे पर पड़ा। यह आय सालाना आधार पर 55.2 प्रतिशत और तिमाही आधार पर 42.5 प्रतिशत गिरकर 48.6 करोड़ रुपए रह गई।

कंपनी के यूजर एंगेजमेंट में भी कुछ कमजोरी देखने को मिली। ट्रैफिक 4.7 प्रतिशत घटकर 182.4 मिलियन यूनिक विजिटर्स पर आ गया, जबकि तिमाही आधार पर इसमें 1.2 प्रतिशत की गिरावट रही। मोबाइल प्लेटफॉर्म का दबदबा बना रहा, जो कुल ट्रैफिक का 85.7 प्रतिशत रहा। इसके बाद डेस्कटॉप का हिस्सा 11.5 प्रतिशत और वॉइस का 2.8 प्रतिशत रहा।

बिजनेस के लिहाज से कंपनी ने अपने डेटाबेस का विस्तार जारी रखा। 31 मार्च 2026 तक एक्टिव लिस्टिंग्स 12.1 प्रतिशत बढ़कर 54.7 मिलियन हो गई, जिसमें तिमाही के दौरान 18.7 लाख से ज्यादा नई लिस्टिंग्स जुड़ीं।

जियोकोडेड लिस्टिंग्स में और तेज बढ़त देखी गई, जो 25.4 प्रतिशत बढ़कर 41 मिलियन हो गई। कंपनी की बैलेंस शीट मजबूत बनी रही। मार्च के अंत तक कैश और निवेश बढ़कर 5,852.2 करोड़ रुपए हो गया, जो एक साल पहले 5,278.6 करोड़ रुपए था।

डिफर्ड रेवेन्यू लगभग स्थिर रहा और 555.4 करोड़ रुपए के स्तर पर बना रहा। कंपनी के चीफ ग्रोथ ऑफिसर श्वेतांक दीक्षित ने कहा कि वित्त वर्ष 2026 कंपनी के लिए अहम साल रहा, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित टूल्स के जरिए प्लेटफॉर्म को बेहतर बनाने पर फोकस किया गया। शेयर बाजार में कंपनी के शेयर बीएसई पर सोमवार को 8.95 रुपए या 1.54 प्रतिशत गिरकर 572.35 रुपए पर बंद हुए। कंपनी का कुल मार्केट कैप 4,867.53 करोड़ रुपए है।

## दवाइयों की खोज को आगे बढ़ाने में एआई निभाएगा बड़ी भूमिका : एक्सपर्ट्स

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 अप्रैल।




दवाइयों की खोज को आगे बढ़ाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बड़ी भूमिका निभाएगा। इससे सटीक उपयोग वाली दवाई हासिल करने और इनोवेशन के नेतृत्व वाले हेल्थकेयर इकोसिस्टम को बनाने में मदद मिलेगी। यह जानकारी एक्सपर्ट्स की ओर से दी गई। फार्मा सेक्टर्स के लीडर्स ने मौजूदा प्रणालियों के मात्र डिजिटलीकरण के बजाय प्रक्रियाओं को नए सिरे से परिभाषित करने पर जोर दिया। उन्होंने एआई को व्यापक रूप से अपनाने के लिए मजबूत डेटा और टेक्नोलॉजी आधार की बढ़ते महत्व के बारे में बताया।

नौवें 'इंडिया फार्मा 2026' के पहले दिन चार महत्वपूर्ण पूर्ण सत्र हुए, जिनमें नीति निर्माता, उद्योग जगत के लीडर्स, नियामक और टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स भारत के फार्मास्युटिकल और लाइफ साइंस इकोसिस्टम के भविष्य की रूपरेखा तैयार करने के लिए एक साथ एक मंच पर आए।

उद्घाटन सत्र में नीतिगत उद्देश्यों और जमीनी क्रियान्वयन के बीच की खाई को पाटने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया।

औषधीय विभाग के सचिव मनोज जोशी ने अनुसंधान एवं विकास के लिए उद्योग-नेतृत्व वाले मॉडल, सरकारी प्रयोगशाला नेटवर्क को मजबूत करने के महत्व और नियामक मॉडल को यूरोपीय प्रणालियों के अनुरूप बनाने पर बल दिया।

स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के सचिव राजीव बहल ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में अनुसंधान निधि में कई गुना वृद्धि हुई है, फिर भी देश को भारत-आधारित अनुसंधान एवं विकास मॉडल की आवश्यकता है, जिसमें इनोवेटर्स में बाजार का विश्वास हो और उद्योग एवं शिक्षा जगत के बीच विश्वास बढ़े।

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अनुसार, उद्योग जगत के नेताओं ने अनुसंधान-आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए उद्यम पूंजी की भागीदारी और सह-वित्तपोषण तंत्रों को बढ़ाने, उद्योग-शिक्षा जगत के मजबूत एकीकरण की आवश्यकता पर बल दिया और प्रारंभिक चरण की खोजों को वैश्विक समाधानों में बदलने के लिए एकीकृत पारिस्थितिकी तंत्र के महत्व को रेखांकित किया। दूसरे सत्र में एक पूर्वानुमानित, कुशल और वैश्विक स्तर पर संरेखित नियामक ढांचा तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

## मार्च 2026 में महिंद्रा स्कॉर्पियो की 25 प्रतिशत बढ़ी बिक्री

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 अप्रैल।



मार्च 2026 में महिंद्रा कंपनी ने अपनी पॉपुलर एसयूवी महिंद्रा स्कार्पियों के दम पर शानदार बिक्री दर्ज की है। महिंद्रा कंपनी ने बीते मार्च महिने में कुल 60,272 यूनिट्स की बिक्री की, जो मार्च 2025 में बिकी 48,048 यूनिट्स के मुकाबले 25.44 प्रतिशत की उल्लेखनीय सालाना वृद्धि दर्शाती है। बिक्री रिपोर्ट के अनुसार, महिंद्रा स्कॉर्पियो/एन कंपनी की सबसे ज्यादा बिकने वाली एसयूवी बनी, जिसने थार और बोलेरो जैसी अन्य लोकप्रिय मॉडल्स को पीछे छोड़ दिया। पिछले महीने, स्कॉर्पियो/एन को कुल 14,578 नए ग्राहक मिले, जो मार्च 2025 की 13,913 यूनिट्स की तुलना में 4.78 प्रतिशत की मामूली वृद्धि है। दूसरे नंबर पर महिंद्रा थार रही, जिसकी 10,872 यूनिट्स बिकीं, जो पिछले साल की 8,936 यूनिट्स के मुकाबले 21.67 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि है। लिस्ट में तीसरे स्थान पर महिंद्रा बोलेरो रही, जिसने 9,788 यूनिट्स की बिक्री के साथ 21.88 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इसके अलावा, महिंद्रा एक्सयूवी 7एक्सओ ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसकी 9,210 यूनिट्स बिकीं और इसने 34.43 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि हासिल की। एक्सयूवी 3एक्सओ/ईवी ने 9,199 यूनिट्स की बिक्री के साथ टॉप-5 में जगह बनाई, जिसमें 30.39 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

## 406 टन की ट्रेन को खींचा एमजी मेजेस्टर ने, बनाया रिकॉर्ड



» नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 अप्रैल।

बीते महिने 31 मार्च 2026 को जम्मू-कश्मीर में एक ऑपरेशनल रेलवे ट्रैक पर एमजी मेजेस्टर के स्टॉक प्रोडक्शन मॉडल ने 406.4 टन वजनी ट्रेन को 300 फीट तक सफलतापूर्वक खींचकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की आगामी फ्लैगशिप एसयूवी, एमजी मेजेस्टर, ने लॉन्च से पहले ही एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। इस असाधारण प्रदर्शन ने मेजेस्टर की इंजीनियरिंग ताकत, प्रेसिजन और कंट्रोल को साबित कर दिया, जिससे यह 2016 में लैंड रोवर डिस्कवरी द्वारा खींची गई 100 टन ट्रेन के रिकॉर्ड को बहुत पीछे छोड़ गई।

कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुराग मेहरोत्रा ने बताया कि इस स्टंट के लिए वाहन में कोई बदलाव नहीं किया गया था, जो इसकी स्वाभाविक क्षमता को दर्शाती है। भारतीय बाजार में 20 अप्रैल 2026 को लॉन्च होने वाली मेजेस्टर, रुपए 41,000 में प्री-बुकिंग के लिए उपलब्ध है। यह डी प्लस सेगमेंट की पहली एसयूवी है, जो भारत में सबसे लंबी (5046 एमएम), चौड़ी (2016 एमएम) और ऊंची (1870 एमएम) है, जिसमें 2950 एमएम का व्हीलबेस है।

## आरबीआई ने उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक की यूनिवर्सल बैंक बनने की अर्जी लौटाई

### लोन पोर्टफोलियो में और विविधता लाने की सलाह, सुधार के बाद दोबारा आवेदन का संकेत

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 अप्रैल।




रिजर्व बैंक आफ इंडिया (आरबीआई) ने उज्जीवन स्माल फायनेंस बैंक की यूनिवर्सल बैंक बनने की अर्जी वापस कर दी है। केंद्रीय बैंक ने लोन पोर्टफोलियो में और विविधता लाने की जरूरत बताई है। बैंक ने अपने बयान में कहा कि आरबीआई ने उसके लोन पोर्टफोलियो में विविधता लाने के प्रयासों को सराहा, लेकिन इसे अभी पर्याप्त नहीं माना। केंद्रीय बैंक का मानना है कि बैंक को अपने कर्ज वितरण को और संतुलित और व्यापक बनाना होगा। आरबीआई ने बैंक को सलाह दी है कि वह विभिन्न सेक्टर और श्रेणियों में अपने लोन बुक को मजबूत करे और इसके बाद दोबारा आवेदन करे। बैंक ने भी कहा है कि वह नियामक के निर्देशों के अनुसार काम करेगा और भविष्य में फिर से यूनिवर्सल बैंक का दर्जा पाने के लिए प्रयास करेगा। गौरतलब है कि फरवरी 2025 में उज्जीवन स्माल फायनेंस बैंक ने यूनिवर्सल बैंक बनने के लिए आवेदन किया था। इस दौड़ में एयू स्माल फायनेंस बैंक और जन स्माल फायनेंस बैंक भी शामिल थे। इनमें से एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है, जबकि जन स्मॉल फाइनेंस बैंक का आवेदन भी वापस कर दिया गया है। बैंक के वित्तीय आंकड़ों पर नजर डालें तो उसके सुरक्षित कर्ज में लगातार सुधार हुआ है। दिसंबर तिमाही तक कुल 37,057 करोड़ रुपए के लोन पोर्टफोलियो में सुरक्षित कर्ज की हिस्सेदारी 48 फीसदी थी, जो मार्च तिमाही में बढ़कर 49.4 फीसदी हो गई। इससे पहले वित्त वर्ष 25 में यह 43.5 फीसदी थी। पिछले कुछ वर्षों में बैंक ने असुरक्षित कर्ज पर निर्भरता कम करने की दिशा में काम किया है। जहां पहले अनसिक्योर्ड लोन का हिस्सा करीब 70 फीसदी था, अब यह घटकर लगभग 50 फीसदी के आसपास रह गया है। बैंक का लक्ष्य मार्च 2030 तक सुरक्षित कर्ज की हिस्सेदारी 65-70 फीसदी तक पहुंचाना है।

## संक्षिप्त खबरें

### अंबेडकर जयंती पर शेयर बाजार बंद, 15 अप्रैल से फिर शुरू होगी ट्रेडिंग

बीएसई और एनएसई में सभी सेगमेंट बंद, कमोडिटी बाजार में आंशिक कारोबार

मुंबई, यूटर्न/ 14 अप्रैल। डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर मंगलवार 14 अप्रैल को देश के प्रमुख शेयर बाजारों में कारोबार पूरी तरह बंद रहा। निवेशक अब 15 अप्रैल से सामान्य ट्रेडिंग फिर शुरू कर सकेंगे, जबकि कमोडिटी बाजार में आंशिक गतिविधि देखने को मिलेगी। डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के चलते बाम्बे स्टाक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) पर मंगलवार को किसी भी सेगमेंट में ट्रेडिंग नहीं हुई। इक्विटी, इक्विटी डेरिवेटिव्स, करेंसी डेरिवेटिव्स, सिक्योरिटीज लेंडिंग एंड बॉरोइंग और इंटरेस्ट रेट डेरिवेटिव्स सभी में पूरे दिन कारोबार बंद रहा। कमोडिटी बाजारों में स्थिति थोड़ी अलग रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज आफ इंडिया में सुबह का सत्र बंद रहा, लेकिन शाम 5 बजे के बाद ट्रेडिंग शुरू होगी। वहीं नेशनल कमोडिटी एंड डेरीवेटिव्स एक्सेंज पूरे दिन के लिए बंद है। शेयर बाजार अब 15 अप्रैल से सामान्य समय पर खुलेगा। नियमित दिनों में बाजार सुबह 9:15 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक खुला रहता है, जबकि 9:00 से 9:15 बजे तक प्री-ओपन सेशन होता है। इससे पहले 13 अप्रैल को बाजार में गिरावट दर्ज की गई थी।

### कमजोर मानसून और बढ़ती लागत से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर दबाव

अल नीनो का खतरा, घटती मांग से खेती व उपभोक्ता सेक्टर प्रभावित होने की आशंका

नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 अप्रैल। भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सामने 2026 में दोहरी चुनौती उभरती दिख रही है। एक ओर कमजोर मानसून का अनुमान है, वहीं दूसरी ओर खेती से जुड़े खर्च बढ़ने से किसानों और मांग दोनों पर असर पड़ सकता है। प्राइवेट मौसम एजेंसी स्काईमेट वेदर ने 2026 के दक्षिण-पश्चिम मानसून को सामान्य से कम रहने का अनुमान जताया है। इसकी बड़ी वजह अल नीनो की संभावित स्थिति मानी जा रही है। वहीं मई से जुलाई के बीच एल नीनो बनने की 61 फीसदी की संभावना बताई जा रही है, जो साल के अंत तक जारी रह सकता है। यदि मानसून कमजोर रहता है, तो खरीफ फसलों के उत्पादन पर असर पड़ सकता है। 2023 की तरह कम बारिश की स्थिति बनने पर ग्रामीण आय और मांग दोनों में गिरावट का खतरा बढ़ेगा।

# नर्स ने युवक पर दुष्कर्म करने व धर्मांतरण का दबाव बनाने का लगाया आरोप

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 14 अप्रैल।**

मधुबन बापूधाम क्षेत्र की नर्स ने गैर समुदाय के युवक पर दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग करने का आरोप लगाया है। युवक पर धर्मांतरण करने के लिए दबाव बनाने का भी आरोप है। पीड़िता ने सहकर्मी के खिलाफ अलीगढ़ के थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। हालांकि, मामला मधुबन बापूधाम क्षेत्र का होने के चलते केस यहां ट्रांसफर कर दिया गया है।

एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया



कि पीड़िता के मुताबिक वह मूल रूप से अलीगढ़ की रहने वाली है और संजयनगर स्थित एक अस्पताल में बतौर नर्स का काम करती है। अस्पताल में काम करने वाले मोहम्मद सरफुद्दीन निवासी मुरादाबाद व हाल निवासी जहांगीरपुरी दिल्ली ने दोस्ती कर उसके साथ दुष्कर्म किया।

आरोपी ने वीडियो और फोटो भी बना लिए। इसके बाद फोटो वायरल करने की धमकी देकर आरोपी ब्लैकमेल करने लगा और धर्म परिवर्तन कर निकाह करने का दबाव बनाने लगा।

पीड़िता का कहना है कि चार जनवरी को आरोपी उसको एक धार्मिक स्थल पर ले गया और निकाह न करने पर हत्या की धमकी दी। दुष्कर्म के बारे में किसी को बताने या पुलिस में शिकायत करने पर वह अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। वह लंबे समय तक डर और सामाजिक बदनामी के भय से चुप रही, लेकिन जब आरोपी की प्रताड़ना लगातार बढ़ती गई तो उसने साहस जुटाकर पुलिस से शिकायत की। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य का कहना है कि अलीगढ़ की बन्ना देवी थाना पुलिस ने केस मधुबन बापूधाम थाने में ट्रांसफर कर दिया है। आरोपी के खिलाफ थाने में केस दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता के बयान और मेडिकल परीक्षण के आधार पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली करंट से झुलसा 10 साल का मासूम, मौत



» **खोड़ा, यूटर्न/ 14 अप्रैल।**

पवन विहार कॉलोनी निवासी जमशेद का बेटा गुलाम रजा (10) की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गया। करीब आठ घंटे इलाज के बाद दम तोड़ दिया। हादसा 12 अप्रैल की सुबह करीब 10:30 बजे हुआ। बच्चे की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया।

इसके बाद पोस्टमार्टम न कराने की बात पर भी हंगामा किया। पुलिस के काफी समझाने पर रविवार देर रात परिजन माने और 13 अप्रैल को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जा सका। रजा कक्षा पांच का छात्र था और तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। मूलरूप से बिहार के मुजफ्फरपुर स्थित औराई गांव निवासी जमशेद दो वर्षों से वह पवन विहार में किराये के मकान पर परिवार के साथ रहते हैं। मजदूरी करके परिवार का लालन-पालन करते हैं। उनके तीन बच्चे हैं और सबसे बड़ा गुलाम रजा कक्षा पांच का छात्र था। वह सबसे बड़ा था। जमशेद ने पुलिस को बताया कि रविवार सुबह करीब 10:30 बजे वह अपने बेटे गुलाम रजा के साथ छत पर थे। वहां पर रजा एक कोने में खेल रहा था। जबकि वह भी काम कर रहे थे। उसी दौरान रजा को हाईटेंशन लाइन से करंट का तेज झटका लगा। इससे वह बुरी तरह से झुलस गया। बिजली का झटका इतना भीषण था कि जिस जगह गुलाम रजा खड़ा था उसका फर्श भी चटक कर टूट गया। इलाज के बेटे को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया और करीब आठ घंटे बाद उसने दम तोड़ दिया। उधर, बच्चे की मौत के बाद परिजन ने अस्पताल पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

चूंकि शाम को बच्चे ने डॉक्टरों से बात करते हुए अपना नाम बताया था और शाम 6:30 बजे अचानक उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना पर पुलिस पहुंची और परिजन से बातचीत कर मामले को शांत करते हुए शव को मोर्चरी भिजवाया। सोमवार शाम करीब 3 बजे पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। बेटे के शव को देखते ही उसकी मां बेसुध हो गई।

# एमसीडी में प्रतिनियुक्ति पर अंकुश की तैयारी, अपने अधिकारियों को देंगे प्रमोशन, सदन में प्रस्ताव पास

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 अप्रैल।**

एमसीडी में बड़े प्रशासनिक पदों पर प्रतिनियुक्ति से आने वाले अधिकारियों की बढ़ती संख्या पर अब अंकुश लगाने की तैयारी की जा रही है। एमसीडी ऐसे पदों पर अपने ही अधिकारियों को पदोन्नति देकर भरने के काम कर रहा है। इस संबंध में सदन में प्रस्ताव पास हो चुका है। इस प्रस्ताव पर असंतोष साफ तौर पर देखने को मिला है। प्रस्ताव में कहा गया है कि वर्तमान में अतिरिक्त आयुक्त व उपायुक्तों की तरह प्रशासनिक अधिकारी और सहायक आयुक्त जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी बाहरी विभागों के



अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर लाया जा रहा है। इससे एमसीडी के स्थायी कर्मचारियों और अधिकारियों की पदोन्नति प्रभावित हो रही है। उनका कहना है कि लंबे समय से सेवा देने के बावजूद उन्हें आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिल रहा।

# रेडीमेड कपड़ों की फैक्टरी में शॉर्ट-सर्किट से धधकी आग, चार घंटे में बुझाई

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 14 अप्रैल।**

थानाक्षेत्र स्थित राजबाग मेट्रो स्टेशन के पास संचालित रेडीमेड कपड़ों की फैक्टरी विसेंड ट्रेड मार्ट में 13 अप्रैल की शाम करीब 3:22 बजे आग लग गई। फर्नीचर और कपड़ों की वजह से दमकल के पहुंचने तक आग विकराल हो गई। फैक्टरी के करीब 50 कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकालते हुए दमकल ने काम शुरू किया। चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

## शॉर्ट-सर्किट से होने की बात सामने आई है

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि सोमवार शाम हादसे की सूचना मिलते ही साहिबाबाद, वैशाली और गाजियाबाद के फायर स्टेशन से तीन वाटर टेंडर और दो वाटर वाउजर भेजे



गए थे। फैक्टरी के कपड़ा बनाने वाले हिस्से में आग फैली थी। उस हिस्से में अधिक मात्रा में कपड़े और फर्नीचर रखा हुआ था। इसकी वजह से आग बढ़ती चली गई और फैक्टरी कर्मचारी आग नहीं बुझा पाए। दमकल की टीम ने श्रमिकों को बाहर निकालकर आग बुझाना शुरू किया, लेकिन एयरफोर्स स्टेशन से भी दमकल की गाड़ियां मंगाई।

## संक्षिप्त खबरें

### एपीके फाइल भेजकर मोबाइल हैक कर 1.75 लाख की ठगी में तीन आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 14 अप्रैल।** एपीके फाइल भेजकर मोबाइल हैक कर 1.75 लाख रुपये की ठगी के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में रेवाड़ी के जैनाबाद गांव का राहुल, टुमना गांव का अभिनव और महेंद्रगढ़ जिले के राता गांव का विजय शामिल है। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अभिनव इस मामले में बैंक खाताधारक है। इसके बैंक खाते में ठगी के 91950 रुपये आए थे। आरोपी राहुल, जोकि खाताधारक अभिनव का रिश्तेदार (मामा का लड़का) है, उसने अभिनव का बैंक खाता लेकर अपने दोस्त विजय को दिया था। विजय ने यह खाता आगे अन्य साइबर ठगों को उपलब्ध करवाया था। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों को 5 दिन के रिमांड पर लेकर साइबर क्राइम थाना सेंट्रल की टीम पूछताछ कर रही है। ठगी को लेकर पुलिस को ये शिकायत सेक्टर-17 की रहने वाली युवती ने दी थी। शिकायत में बताया गया कि 6 अप्रैल 2026 को जब उसने अपने बैंक खातों का बैलेंस चेक किया तो पाया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा बिना उसकी अनुमति के उसके दो बैंक खातों से कुल 175518 रुपये निकाल लिए गए हैं। साइबर क्राइम थाना सेंट्रल की टीम ने एफआईआर दर्ज कर जांच करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### शादी वाले घरों में मिलेंगे पांच सिलिंडर

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 14 अप्रैल।** आने वाले दिनों में साहलगों के शुरू होने के साथ ही पूर्ति विभाग को शादी का कार्ड देने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। जहां वह कार्ड के प्रार्थना पत्र देकर सिलिंडर की डिमांड कर रहे हैं। लोगों की इस परेशानी को ध्यान में रखकर पूर्ति विभाग की तरफ से कुछ सिलिंडर शादी वाले घरों को देने का फैसला किया है। विभाग में वर्तमान में हर दिन 30-35 प्रार्थना पत्र सिर्फ शादी वाले घरों से आ रहे हैं। पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए घरों को अधिकतम पांच सिलिंडर दिए जाएंगे। इसके अलावा आगे की स्थिति के आधार पर इसमें बदलाव भी किया जा सकता है। शादी के कार्ड के साथ दिए जाने वाले प्रार्थना पत्र से सिलिंडर लेने वाले उसे स्टॉक न करें, इसका भी ध्यान रखा जा रहा है। इस प्रकार की सभी प्रार्थना पत्रों को सत्यापित किया जा रहा है, जिससे सही लोगों को ही सुविधा मिले। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि सिलिंडर की कालाबाजारी करने वालों पर पहले भी कार्रवाई की गई है। इस प्रकार के लोगों पर नजर है।

# मनमाने तरीके से एओए बनाने की शिकायत, डिप्टी रजिस्ट्रार से की जांच की मांग




» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 14 अप्रैल।**

हम-तुम रोड स्थित महक जीवन सोसायटी में एओए पदाधिकारी, बिल्डर और मनमाने तरीके से एओए बनाने की शिकायत करने वाला पक्ष आमने-सामने आ गए हैं। तीनों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। डिप्टी रजिस्ट्रार ने इसे आपसी विवाद का मामला बताकर जांच कराने की बात कही है।

शिकायतकर्ता मुरारीलाल शर्मा का कहना है कि सोसायटी के सदस्यों ने उत्पन्न समस्याओं के निस्तारण और हितों के काम के लिए मार्च 2025 में एक्शन प्लान कमेटी बनाई। निवासियों ने मिलकर दिसंबर में एक आम सभा का आयोजन रखा। इसमें बिल्डर की मनमानी के खिलाफ आवाज उठाई गई। बाद में सूचना मिली कि बिल्डर ने एओए बनवा दी है और कुछ पदाधिकारियों के साइन फर्जी मिले। इसमें उपाध्यक्ष अनीता शर्मा भी शामिल हैं।

मुरारीलाल शर्मा का कहना है कि एओए का गठन फर्जी तरीके से किया गया है। उन्होंने डिप्टी रजिस्ट्रार को पत्र लिखकर जांच कराने की मांग की है।

इस संबंध में एओए अध्यक्ष विपिन तोमर का कहना है कि एसोसिएशन में आठ सदस्य हैं। सात हर बैठक में आते हैं। शिकायतकर्ता मुरारीलाल शर्मा की पत्नी और उपाध्यक्ष अनीता शर्मा किसी बैठक में नहीं आतीं। जब कारण बताओ नोटिस जारी किया गया तो फर्जी हस्ताक्षर की झूठी कहानी गढ़ी जा रही है।

# दो साल से कनेक्शन जोड़ने के लिए संघर्ष कर रहे थे 1330 परिवार, अब पाइप से मिलेगी रसोई गैस



» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 14 अप्रैल।**

घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत और बढ़ते दामों के बीच गुरुग्राम के सेक्टर-102 की दो प्रमुख सोसाइटियों अडानी ओएस्टर और इंपीरियल गार्डन के लिए राहत भरी खबर है। पिछले दो वर्षों से पाइपलाइन का इंतजार कर रहे करीब 1330 परिवारों को इस महीने के अंत तक पीएनजी कनेक्शन मिल जाएगा। जीएमडीए और हरियाणा सिटी गैस सर्विस के बीच लंबे समय से अटका जमीन का विवाद सुलझने के बाद अब गैस सप्लाई शुरू करने की बाधाएं दूर हो गई हैं। हालांकि, सेक्टर-108 और 92 की सोसाइटियों में अभी भी बुनियादी ढांचा अधूरा होने के कारण हजारों परिवार पाइपलाइन की राह देख रहे हैं।

## कनेक्शन चालू होने की सूचना से मिली राहत

एलपीजी संकट के इस समय में बचा हुआ काम पूरा करके पीएनजी चालू किए जाने की सूचना से राहत मिली है। लोगों ने उम्मीद ही छोड़ दी थी मगर दो साल बाद सही अब पीएनजी चालू हो सकेगी। -अलका मल्होत्रा, उपाध्यक्ष अडानी ओएस्टर सेक्टर-102

पीएनजी कनेक्शन चालू होने की सूचना से हमें उम्मीद बंधी है। अधिकारियों से सोसाइटी का निरीक्षण किया है। पिछले दो साल में कई बार कुछ-कुछ महीनों का समय मिलता रहा है मगर पीएनजी चालू नहीं हो पाया। -कृष्ण माधव, महासचिव, एम्मार इंपीरियल गार्डन सेक्टर-102

हमारी सोसाइटी में 537 परिवार रहते हैं। दो साल से पीएनजी लाइन के लिए पैसे चुकाकर बैठे लोग बार-बार गुहार लगा रहे हैं। यहां करीब 100 मीटर की लाइन को जोड़ना है। इससे रहेजा वेदांता में रहने वाले 537 और एक्सपीरिएन में रहने वाले 600 परिवारों को राहत मिलेगी। -लोकेश मखीजा, महासचिव , रहेजा वेदांता, सेक्टर-108 हमारी सोसाइटी में आंतरिक लाइन बिछी हुई है। पीएनजी के बाहर की लाइन करीब 500 मीटर दूर तक पहुंची है। एचसीजी ने इस महीने के अंत तक इसे जोड़ने का भरोसा दिलाया है। आरडब्ल्यूए और एचसीजी मिलकर बाधाओं को दूर करने की कोशिश में जुटे हैं। -प्रवीण मलिक, अध्यक्ष राइजिंग होम्स सेक्टर-92



## भाषा को कभी भी काम में बाधा नहीं बनने दिया विद्या बालन ने

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री विद्या बालन ने फिल्मों में हमेशा न केवल चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं चुनी हैं, बल्कि उन्हें इस तरह जीवंत किया है कि दर्शक हर बार एक नए और गहरे अनुभव से जुड़ते हैं। विद्या बालन की अभिनय क्षमता का एक सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह रहा है कि उन्होंने कभी भी भाषा को अपने काम की बाधा नहीं बनने दिया। हिंदी फिल्मों में अपनी गहरी छाप छोड़ने के साथ-साथ, उन्होंने विभिन्न भारतीय भाषाओं और उनके अलग-अलग लहजों में भी बेहद सहजता और कुशलता से काम किया है। उनकी डायलॉग डिलीवरी की सटीकता और भावनाओं पर मजबूत पकड़ ही उनकी असली ताकत है, जो हर भाषा में समान रूप से चमकती है। यह दशार्ता है कि एक कलाकार अपनी कला के माध्यम से भाषाई बाधाओं को कैसे तोड़ सकता है। चाहे वह बंगाली किरदार की बारीकियां हों या किसी अन्य क्षेत्रीय बोली की सूक्ष्मताएं, विद्या बालन ने हर बार अपने किरदार को उस क्षेत्र की आत्मा से जोड़ा है.



## बॉक्सर बनेगें पुलकित सम्राट

बॉलीवुड अभिनेता पुलकित सम्राट एक ऐसे कदम के साथ सुर्खियां बटोर रहे हैं जिसने हर किसी को चौंका दिया है। अपनी आगामी नेटफ्लिक्स परियोजना ग्लोरी में एक बॉक्सर की भूमिका को वास्तविक रूप देने के लिए, पुलकित अब प्रोफेशनल बॉक्सर नीरज गोयत के साथ मुंबई में एक लाइव बॉक्सिंग मैच में उतरेंगे। यह मुकाबला सिर्फ एक शो नहीं, बल्कि एक असली और हाई-वोल्टेज फाइट होने वाला है। पुलकित अपनी फिल्म ग्लोरी में एक बॉक्सर का किरदार निभा रहे हैं, और इस रोल को सिर्फ एक्टिंग तक सीमित न रखते हुए, उन्होंने रिंग में उतरकर अपनी महीनों की ट्रेनिंग को परखने का फैसला किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह मुकाबला तीन राउंड का होगा, जिसमें पुलकित सम्राट का सामना एक अनुभवी और जाने-माने प्रोफेशनल बॉक्सर नीरज गोयत से होगा। यह इसे सिर्फ एक प्रमोशनल इवेंट से कहीं अधिक, एक गंभीर खेल चुनौती बनाता है। पिछले कई महीनों से, पुलकित सम्राट ने बॉक्सिंग की बारीकियों फाइट टेक्निक, स्टैमिना और फिजिकल कंडीशनिंग पर जमकर मेहनत की है।

# जन नायकन को सिनेमाघरों में बड़े पर्दे पर देखें : पूजा हेगडे



बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जन नायकन' के फुटेज के इंटरनेट पर लीक होने पर अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने अपने दर्शकों से अपील की है कि वे फिल्म का इंतजार करें और इसे सिनेमाघरों में बड़े पर्दे पर देखें, ताकि पूरी टीम की मेहनत का सम्मान हो सके। एक बयान जारी करते हुए पूजा हेगड़े ने कहा, मेरे प्यारे दर्शकों, एक फिल्म अनगिनत घंटों की मेहनत, रचनात्मक जोखिम और पूरी टीम की व्यक्तिगत कुर्बानियों का परिणाम होती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि फिल्म को ऑनलाइन लीक होते और गैर-कानूनी तरीके से साझा होते देखना बेहद दुखद है। यह सिर्फ कमाई का नुकसान नहीं, बल्कि हर कलाकार और टेक्नीशियन की मेहनत और इज्जत को भी छीन लेता है। पूजा ने विशेष रूप से यह भी उल्लेख किया कि यह विजय की आखिरी फिल्म है, और हर कोई इसे बड़े पर्दे पर सही तरीके से देखने और उसका जश्न मनाने का हकदार है। उन्होंने दर्शकों से अनुरोध किया, चलिए, थोड़ा इंतजार करते हैं। फिल्म सही समय पर रिलीज होगी। पायरेसी को बढ़ावा न दें। इसी तरह सिनेमा और कला जिंदा रहेंगे। दूसरी ओर, फिल्म के प्रोडक्शन हाउस, केवीएन प्रोडक्शंस ने भी इस घटना पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की। प्रोड्यूसर्स ने एक आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि फिल्म के कुछ सीन और क्लिप गैर-कानूनी तरीके से लीक हो गए हैं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि व्हाट्सएप, टेलीग्राम, इंस्टाग्राम, फेसबुक, यूट्यूब, टोरेंट या किसी भी अन्य माध्यम से लीक कंटेंट को डाउनलोड करना, देखना, साझा करना या स्टोर करना कॉपीराइट कानून का उल्लंघन है और एक गंभीर अपराध है। प्रोडक्शन हाउस ने यह भी बताया कि उन्होंने इस मामले में तुरंत जांच शुरू कर दी है। फोरेंसिक जांच के साथ, लीक में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है, और हर अपराधी के खिलाफ बिना किसी अपवाद के सख्त आपराधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम जनता को सलाह दी कि वे लीक हुए कंटेंट को न खोलें, न स्टोर करें और न ही आगे साझा करें। अगर किसी को ऐसा कंटेंट मिलता है, तो उसे तुरंत डिलीट कर दें। 'जन नायकन' एक हाई-ऑक्टेन एक्शन एंटरटेनर फिल्म है, जिसे थलापति विजय की आखिरी फिल्म बताया जा रहा है। एच. विनोद के निर्देशन में बनी यह फिल्म दर्शकों के लिए एक बड़ा सिनेमाई अनुभव होने की उम्मीद है।

## गौरवपूर्ण वापसी पर भावुक हुई एक्ट्रेस सेलिना जेटली



हाल ही में 61वें फेमिना मिस इंडिया पेजेंट में बॉलीवुड एक्ट्रेस सेलिना जेटली ने अपनी गौरवपूर्ण वापसी की, जिसने उन्हें 21 साल बाद उसी मंच पर फिर से खड़ा कर दिया जहाँ से उनके सपनों की उड़ान शुरू हुई थी। अपनी इस खास और भावनात्मक शाम की यादें साझा करते हुए सोशल मीडिया पर सेलिना ने इसे पूरा सर्कल पूरा होने का एक गहरा अहसास बताया। उनकी वापसी ने न केवल उनके प्रशंसकों को उत्साहित किया, बल्कि कई युवा प्रतियोगियों को भी प्रेरित किया, जिन्होंने उन्हें एक पथप्रदर्शक के रूप में देखा। साल 2001 की मिस इंडिया और मिस यूनिवर्स रनर-अप रही सेलिना ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ शानदार तस्वीरों के साथ लिखा, अबाउट लास्ट नाइट। 61वां फेमिना मिस इंडिया पेजेंट। मैं वहीं वापस आ गई जहां से इसकी शुरूआत हुई थी। इस बार, 2001 में मिस इंडिया का प्रतिष्ठित खिताब जीतने वाली सेलिना ने नई पीढ़ी की युवा प्रतियोगियों को ताज पहनाने का महत्वपूर्ण जिम्मा संभाला। उन्होंने बताया कि शुरूआती विजेताओं को ताज पहनाना उनके लिए बेहद खास और भावुक अनुभव था। सेलिना ने उन सभी युवा महिलाओं के सफर की शुरूआत देखी, जो अपने राज्यों का प्रतिनिधित्व करेंगी और अपने सपनों, ताकत व लक्ष्यों के साथ चमकेंगी। इस यादगार शाम के लिए, सेलिना ने रॉकी स्टार द्वारा डिजाइन की गई एक खूबसूरत ड्रेस पहनी थी और दासानी ब्रदर्स के एक करोड़ रुपए मूल्य के हीरों-माणिकों से सजी ज्वेलरी धारण की थी। खास बात यह रही कि उन्होंने अपना मेकअप और हेयरस्टाइल खुद ही किया, जो उनकी आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास को दशार्ता है। अपने पोस्ट में, सेलिना ने ताज के गहरे प्रतीकात्मक अर्थ पर जोर दिया। उन्होंने लिखा, ताज सिर्फ सिर पर रखने के लिए नहीं होते, उन्हें शान से संभालना पड़ता है। उन्होंने ताज को हिम्मत, गरिमा, ईमानदारी और सही के लिए आवाज उठाने का प्रतीक बताया, और यह कहकर कि ताज सिर्फ पहना नहीं जाता, उसे जिया जाता है, उन्होंने इसके महत्व को एक नया आयाम दिया। हिमाचल प्रदेश में जन्मीं सेलिना का परिवार सेना से जुड़ा था; उनके पिता कर्नल और माँ भी सेना में थीं। छोटी उम्र में सेना में भर्ती होने या डॉक्टर बनने का सपना देखने वाली सेलिना ने अंततः मॉडलिंग में कदम रखा। 16 साल की उम्र में उन्हें मॉडलिंग का अवसर मिला और फेमिना मिस इंडिया 2001 का खिताब अपने नाम कर उन्होंने ग्लैमर वर्ल्ड में अपनी जगह बनाई।

# आईपीएल में इस बार विकेटों के लिए तरस रहे बुमराह

» **मुम्बई, यूटर्न/ 14 अप्रैल।**

मुम्बई इंडियंस के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का प्रदर्शन आईपीएल के इस सत्र में अब तक अच्छा नहीं रहा है। बुमराह की गेंदों को खेलना अच्छे-अच्छे बल्लेबाजों के लिए भी कठिन रहा है पर इस सत्र में वैभव सूयार्वंशी जैसे उभरते हुए बल्लेबाज ने भी उनपर जमकर चौके छक्के लगा दिये हैं। पिछले चार मैचों मैचों से बुमराह विकेट के लिए तरस रहे हैं। ये पहली बार है जब बुमराह इतने कठिन दौर से गुजर रहे हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ खेले मैच में भी बुमराह ने विकेट के लिए पूरा जोर लगा दिया पर असफल रहे। इस मैच में बुमराह ने चार ओवर में 35 रन दिये पर उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला।

आरसीबी के खिलाफ टक्कर से पहले बुमराह को पहले तीन मैचों में भी विकेट नहीं मिला था। पहला मैच मैच कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के खिलाफ हुआ था जिसमें बुमराह ने चार ओवर में 35 रन दिये पर विकेट नहीं ले पाये। वहीं दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 4 ओवर में 21 दिये और वह इस मैच में भी विकेट नहीं निकाल पाये।



## पोलार्ड को डगआउट से चिल्लाते देख प्रशसंकों को याद आया टेप वाला मैच

**मुम्बई , यूटर्न/ 14 अप्रैल।** मुम्बई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसबी) के बीच में मुंबई के डगआउट में बैठे बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड को देखकर प्रशंसकों को एक दशक पहले का वो रोमांचक मुकाबला याद आ गया, जब पोलार्ड मुंह पर टेप लगाकर मैदान पर उतरे थे। पोलार्ड ने तब अपने मुंह पर टेप अंपायर के टोकने पर विरोध जताते हुए लगा दिया था। साल 2015 में हुए इस मुकाबले में पोलार्ड की हरकतों से आरसीब के हाथ आई जीत फिसल गयी थी। तक बैंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 210 रन बनाये थे। ऐसे में आरसीबी को जीत के लिए 211 रनों का लक्ष्य मिला था। मुम्बई जानती थी कि क्रिस गेल के रहते ये लक्ष्य बचाना संभव नहीं है। ऐसे में मुंबई को पता था कि गेल को रोकना है तो उनकी एकाग्रता तोड़नी होगी। ऐसे में मिड-ऑन पर फील्डिंग कर रहे पोलार्ड लगातार कुछ न कुछ बोलते रहे। यहां तक कि बहस होने पर पोलार्ड ने गेल का हेलमेट ही पकड़ लिया। तभी ऐसे में अंपायरों ने हस्तक्षेप कर पोलार्ड को कड़ी चेतावनी दी गई।इससे नाराज पोलार्ड ने एक भूरा टेप अपने मुंह पर लगा लिया। साथी खिलाड़ी से बात करते समय वह टेप हटाते थे और फिर वो दोबारा लगा लेते थे।

# ईरान को कभी परमाणु हथियार नहीं मिलेंगे : ट्रंप

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 14 अप्रैल।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान 'परमाणु हथियार हासिल नहीं करेगा' और यह पुष्टि की कि अमेरिका ने नौसैनिक नाकाबंदी शुरू कर दी है क्योंकि वे तेहरान पर वार्ता में लौटने के लिए दबाव बना रहे हैं।

ओवल ऑफिस के बाहर एक अनियोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ विवाद परमाणु क्षमताओं को लेकर है। उन्होंने कहा, 'यह इस बात को लेकर है कि उन्हें कभी भी परमाणु हथियार नहीं मिलेगा, ईरानड्ड ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होगा।' उन्होंने आगे कहा कि बातचीत के दौरान तेहरान ने इस शर्त को स्वीकार नहीं किया था। 'हमने कई बातों पर सहमति बनाई, लेकिन उन्होंने इस पर सहमति नहीं दी और मुझे लगता है कि वे मान जाएंगे। मुझे लगभग पूरा भरोसा है। दरअसल, मुझे पूरा यकीन है। अगर वे सहमत नहीं होते, तो कोई समझौता नहीं होगा,' ट्रंप ने कहा। राष्ट्रपति ने संकेत दिया कि ईरान ने बातचीत फिर से शुरू करने के लिए संपर्क किया है। उन्होंने कहा, 'दूसरी तरफ से हमें कॉल आई है।



वे बहुत, बहुत ज्यादा समझौता करना चाहते हैं।'

सैन्य मोर्चे पर ट्रंप ने पुष्टि की कि नाकाबंदी शुरू हो चुकी है। 'हाँ, यह शुरू हो गई है, 10:00 बजे,' उन्होंने पूछे जाने पर कहा कि क्या नौसैनिक नाकाबंदी शुरू हो गई है।

उन्होंने इस कदम को तेहरान की गतिविधियों का मुकाबला करने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा बताया। ट्रंप ने कहा, 'हम किसी देश को दुनिया को ब्लैकमेल या जबरन वसूली करने की अनुमति नहीं दे सकते, क्योंकि वे यही कर रहे हैं। वे वास्तव में दुनिया को ब्लैकमेल कर रहे हैं। हम ऐसा होने नहीं देंगे।' ट्रंप ने संकेत दिया कि यह नाकाबंदी कई उद्देश्यों को पूरा कर सकती है, जिसमें ईरान को फिर से बातचीत की मेज पर लाना और वैश्विक ऊर्जा बाजार को स्थिर करना शामिल है। 'शायद सब कुछ। मेरा मतलब है, ये दोनों बातें निश्चित रूप से, और भी बहुत कुछ,' उन्होंने कहा। उन्होंने जोर देकर कहा कि अमेरिका अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए होरमुज जलडमरूमध्य पर निर्भर नहीं है। 'हम इस जलडमरूमध्य का उपयोग नहीं करते। हमें इसकी जरूरत नहीं है। हमारे पास अपना तेल और गैस है, जरूरत से कहीं ज्यादा,' ट्रंप ने कहा, और जोड़ा कि अमेरिका सऊदी अरब और रूस से 'काफी अधिक' तेल उत्पादन करता है।

साथ ही, उन्होंने इस जलमार्ग के वैश्विक महत्व को रेखांकित किया। 'तो हमें इसकी जरूरत नहीं है, लेकिन दुनिया को इसकी जरूरत है,' उन्होंने कहा। ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की सैन्य क्षमताओं को गंभीर रूप से कमजोर कर दिया गया है। उन्होंने कहा, 'यह मत भूलिए कि उनकी नौसेना खत्म हो चुकी है, उनकी वायुसेना खत्म हो चुकी है, उनकी वायु रक्षा खत्म हो चुकी है, उनका रडार खत्म हो चुका है, और उनके नेता भी नहीं रहे।'

उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि समझौता नहीं हुआ तो इसके परिणाम होंगे। 'यह उनके लिए अच्छा नहीं होगा,' ट्रंप ने कहा, लेकिन विस्तार से बताने से इनकार कर दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि अन्य देशों ने भी नाकाबंदी लागू करने में सहायता की पेशकश की है। उन्होंने कहा, 'अन्य देश भी उन्होंने अपनी सेवाएं देने की पेशकश की है,' और जोड़ा कि जल्द ही और विवरण घोषित किए जा सकते हैं।

# परमाणु मांगों पर विवाद के बीच अमेरिका और ईरान की वार्ता ठप

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 14 अप्रैल।**



अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि ईरान के साथ वार्ता में 'काफी प्रगति' हुई, लेकिन कोई समझौता नहीं हो सका। अमेरिका अपनी प्रमुख मांगों पर अड़ा रहा, जिनमें समृद्ध यूरेनियम को हटाना और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर सत्यापन योग्य सीमाएं शामिल हैं।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने फाक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि पाकिस्तान में उच्च स्तर पर हुई वार्ताओं ने लचीलेपन और अमेरिका की 'रेड लाइन्स' दोनों को स्पष्ट किया।

उन्होंने कहा, 'मैं यह नहीं कहूंगा कि चीजें गलत हुईं। मुझे लगता है कि कई चीजें सही भी हुईं। हमने काफी प्रगति की,' और जोड़ा कि यह 'पहली बार था जब ईरानी और अमेरिकी सरकारें इतने उच्च स्तर पर मिलीं।'

वेंस के अनुसार, मुख्य विवाद का मुद्दा यह रहा कि अमेरिका इस बात पर अड़ा हुआ है कि ईरान 'कभी भी परमाणु हथियार नहीं रख सकता,' जो उसकी सभी वार्ता स्थितियों का आधार है। उन्होंने दो गैर-समझौताकारी मांगों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, 'हमें समृद्ध सामग्री (यूरेनियम) को ईरान से बाहर करना होगा।' दूसरी मांग थी 'परमाणु हथियार विकसित न करने की निर्णायक प्रतिबद्धता,' जिसे सत्यापन तंत्र के जरिए सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा, 'ईरान यह कह दे कि वह कभी परमाणु हथियार नहीं बनाएगा, यह एक बात है लेकिन इन बातों का सत्यापन भी जरूरी है।' वेंस के मुताबिक, ईरानी वार्ताकार 'हमारी दिशा में बढ़े' लेकिन 'पर्याप्त नहीं बढ़े' जिसके कारण दोनों पक्षों ने बातचीत रोककर अपने-अपने देशों में लौटने का फैसला किया। उन्होंने कहा, 'अब गेंद उनके पाले में है' और संकेत दिया कि आगे की बातचीत तेहरान की अमेरिकी शर्तें मानने की इच्छा पर निर्भर करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### लुफ्थांसा हड़ताल के पहले दिन 700 से अधिक उड़ानें रद्द

**मॉस्को, यूटर्न/ 14 अप्रैल।** जर्मनी की सबसे बड़ी एयरलाइन समूह लुफ्थांसा में हड़ताल के पहले दिन 700 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। यह जानकारी वेरेनिगुंग कॉकपिट यूनियन ने दी। जर्मन ट्रेड यूनियन वेरेनिगुंग कॉकपिट ने इससे पहले 13-14 अप्रैल को लुफ्थांसा पायलटों की तीसरी हड़ताल का आ'ान किया था। पायलटों और फ्लाइट अटेंडेंटों की हड़ताल की पहली और दूसरी लहर फरवरी और मार्च 2026 में हुई थी, जिसके परिणामस्वरूप जर्मनी के प्रमुख शहरों के हवाई अड्डों पर सैकड़ों उड़ानें रद्द हो गई थीं। यूनियन ने सोमवार को एक बयान में कहा, 'लुफ्थांसा, लुफ्थांसा कार्गो, सिटीलाइन और यूरोविंग्स में हड़ताल का पहला दिन उम्मीद के मुताबिक चल रहा है। अब तक 700 से अधिक उड़ानें रद्द हो चुकी हैं।' साथ ही, यूनियन प्रतिनिधियों ने बातचीत के लिए अपनी तत्परता की पुष्टि करते हुए कहा कि यह तभी संभव है जब कर्मचारियों के वेतन और पेंशन प्रावधानों सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा के लिए 'उपयुक्त प्रस्ताव' हों। यूनियन ने यात्रियों को हुई असुविधा और ग्राउंड स्टाफ पर पड़े दबाव पर खेद व्यक्त किया और इस बात पर जोर दिया कि नियोक्ताओं पर दबाव बनाने के लिए हड़ताल एक आवश्यक साधन बनी हुई है।

### ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर ने लेबनान पर इजरायली हमलों को रोकने का आग्रह किया

**लंदन, यूटर्न/ 14 अप्रैल।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने लेबनान पर इजराइली हमलों को समाप्त करने और लेबनान को पश्चिम एशिया युद्धविराम में शामिल करने का आ'ान किया है। श्री स्टार्मर ने ब्रिटिश संसद में कहा, 'हम मांग करते हैं कि लेबनान को तत्काल युद्धविराम में शामिल किया जाए। हिजबुल्लाह को निशस्त्रीकरण करना चाहिए, लेकिन मैं इस बात पर भी पूरी तरह स्पष्ट हूं कि इजरायल के हमले गलत हैं। इनके विनाशकारी मानवीय परिणाम हो रहे हैं और ये लेबनान को संकट की ओर धकेल रहे हैं। बमबारी अब रुकनी चाहिए।'

'श्री स्टार्मर ने ईरानी सभ्यता के विनाश के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणियों को गलत बताया। उन्होंने कहा, 'सभ्यता को नष्ट करने वाली भाषा के संबंध में, क्या मैं इस सदन के सामने पूरी स्पष्टता रख सकता हूं? वह गलत था।

# विदेश सचिव विक्रम मिस्री भारत-जर्मनी विदेश कार्यालय परामर्श के लिए बर्लिन पहुंचे



» **बर्लिन, यूटर्न/ 14 अप्रैल।**

विदेश सचिव विक्रम मिस्री भारत-जर्मनी विदेश कार्यालय परामर्श के लिए बर्लिन दौरे पर पहुंचे हैं। वे दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा और क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। विदेश सचिव मंगलवार (भारतीय समयानुसार) तड़के बर्लिन पहुंचे, जहां जर्मनी में भारत के राजदूत अजीत गुप्ते ने उनका स्वागत किया। जर्मनी स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'विदेश सचिव विक्रम मिस्री भारत-जर्मनी विदेश कार्यालय परामर्श के लिए बर्लिन पहुंच गए हैं। यह यात्रा जनवरी 2026 में चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की भारत की सफल यात्रा के बाद हो रही है, और यह भारत व जर्मनी के बीच नियमित संवाद को दर्शाती है।' भारतीय राजदूत अजीत गुप्ते ने भी सोशल मीडिया के जरिए भी विदेश सचिव मिस्री का बर्लिन में स्वागत किया। भारतीय राजदूत ने 'एक्स' पोस्ट में कहा, 'उनकी यह यात्रा भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी के संपूर्ण दायरे की समीक्षा करने, द्विपक्षीय एजेंडे के प्रमुख स्तंभों पर चर्चा को आगे बढ़ाने व क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का एक अवसर प्रदान करती है।'

इससे पहले, विदेश मंत्रालय (एमईए) ने उनकी यात्रा की घोषणा करते हुए बताया था कि विदेश सचिव मिस्री, जर्मनी के विदेश कार्यालय के राज्य सचिव गेजा एंड्रियास वॉन गेयर के साथ मिलकर भारत-जर्मनी विदेश कार्यालय परामर्श की सह-अध्यक्षता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'चर्चाओं में द्विपक्षीय सहयोग के विविध क्षेत्र शामिल होंगे, जिनमें व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा, विकास सहयोग, शिक्षा और लोगों के बीच आपसी संबंध व आपसी हित के वैश्विक और क्षेत्रीय मामले शामिल हैं।'

विदेश सचिव के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों से भी मुलाकात करने की उम्मीद है। यह यात्रा विदेश सचिव की पेरिस यात्रा के ठीक बाद हो रही है, जहां उन्होंने सोमवार को फ्रांस के विदेश मंत्रालय के महासचिव मार्टिन ब्रिएन्स के साथ मिलकर भारत-फ्रांस विदेश कार्यालय परामर्श की सह-अध्यक्षता की थी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, चर्चाओं में विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल थी, जिसमें रक्षा, असैन्य परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष, साइबर और डिजिटल क्षेत्रों में सहयोग, एआई, नवाचार व मानवीय और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई पहलें शामिल थीं।

# वियतनाम ने डेंगू बुखार के बढ़ते मामलों को लेकर दी चेतावनी

» **हनोई, यूटर्न/ 14 अप्रैल।**



वियतनाम में डेंगू संक्रमण का प्रकोप देखने को मिल रहा है। अब तक देश में 30 अधिक से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि चार मौतें हो चुकी हैं। इसी बीच, वियतनाम के स्वास्थ्य मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि डेंगू संक्रमण के मामले और बढ़ सकते हैं।

स्थानीय दैनिक अखबार 'न्हान डैन' ने मंगलवार को बताया कि इस साल की शुरुआत से अब तक देश में 31,927 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें चार मौतें भी शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अधिकांश मामले दक्षिणी इलाकों में केंद्रित हैं।

वहीं, समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की रिपोर्ट के अनुसार, वियतनाम रोग निवारण प्रशासन के उपनिदेशक वो हाई सोन ने कहा कि अगर रोकथाम और नियंत्रण के उपायों को सख्ती से लागू नहीं किया गया, तो निकट भविष्य में संक्रमण के मामले और बढ़ सकते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, स्वास्थ्य विभाग संक्रमण के प्रकोप की मॉनिटरिंग और उसे नियंत्रित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है, साथ ही रोग की रोकथाम के बारे में जन जागरूकता अभियान भी तेज कर रहा है।

यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब गर्मी और उमस भरा मौसम जल्दी शुरू हो गया है व बारिश अनियमित हो रही है, जिससे मच्छरों के पनपने के लिए अनुकूल स्थितियां बन गई हैं। पिछले साल वियतनाम में डेंगू बुखार के 181,000 से अधिक मामले दर्ज किए गए थे, जिनमें 36 लोगों की मौत हुई थी।

# संघर्ष जारी रहा तो नई क्षमताओं का इस्तेमाल करेगा आईआरजीसी : ईरान

» **तेहरान, यूटर्न/ 14 अप्रैल।**



ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने चेतावनी दी है कि यदि अमेरिका और इजराइल के साथ युद्ध जारी रहता है, तो वह अपनी नई सैन्य क्षमताओं का उपयोग करेगी। अर्ध सरकारी फार्स समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी।

आईआरजीसी के प्रवक्ता हुसैन मोहब्बी ने कहा, 'हमने अभी तक अपनी क्षमताओं का इस्तेमाल नहीं किया है, और यदि युद्ध जारी रहता है, तो हम ऐसी क्षमताओं को सामने लाएंगे जिनके बारे में दुश्मन को कोई जानकारी नहीं है।' इस बीच, ईरान के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता रजा तलाएनिक ने सोमवार को कहा कि ईरानी सशस्त्र बलों की क्षमताएं लगातार बढ़ रही हैं और उनके पास भविष्य में आक्रामक और रक्षात्मक अभियानों को जारी रखने के लिए पर्याप्त मिसाइलें, ड्रोन, हथियार, गोला-बारूद और अन्य सैन्य उपकरण मौजूद हैं। यह जानकारी शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए के हवाले से दी। सोमवार को ही, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि होरमुज जलडमरूमध्य पर नाकाबंदी थोपने की अमेरिकी कोशिश वैश्विक अर्थव्यवस्था के खिलाफ 'चुनिंदा बदला' है। ईरान और अमेरिका के प्रतिनिधिमंडलों ने शनिवार और रविवार तड़के इस्लामाबाद में मध्य पूर्व में तनाव कम करने के लिए लंबी वार्ता की। 40 दिनों की लड़ाई के बाद ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच बुधवार को घोषित युद्धविराम के बाद ये बातचीत हुई, जो किसी समझौते तक नहीं पहुंच सकी। इससे पहले सोमवार को, अमेरिकी सेना ने सभी ईरानी बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों की नाकाबंदी शुरू करने की घोषणा की और कहा कि केवल गैर-ईरानी बंदरगाहों के बीच यात्रा करने वाले जहाजों को ही होरमुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी जाएगी।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *